दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-93 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 17 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

### नीट पेपर लीक केस 2026 :

# सीबीआई के रडार पर पीवी कुलकर्णी, पुराने पेपर सेटिंग की हो रही जांच



नई दिल्ली (आरएनएस)। नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जांच एजेंसी ने गिरफ्तार आरोपी पीवी कुलकर्णी से उन सभी परीक्षा पत्रों को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जिन्हें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी से पहले तैयार किया था। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियों को शक है कि उनका संबंध नीट 2024 पेपर लीक समेत कई अन्य मामलों से भी हो सकता है। महाराष्ट्र के लातूर से सामने आया यह पूरा नेटवर्क अब लातूर पैटर्न के नाम से चर्चा में है। सीबीआई जांच से पहले स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस पूरे मॉड्यूल को लेकर कई अहम खुलासे किए थे। फिलहाल सीबीआई की एक टीम लगातार लातूर में डेरा डाले हुए है। एजेंसी ने मशहूर आरसीसी इंस्टीट्यूट के शिवराज मोटेगांवकर से भी पूछताछ की है। इसके अलावा कई छात्रों और उनके अभिभावकों से भी सवाल-जवाब किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क के मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी और मनीषा वाघमारे थे। दोनों ने मिलकर पुणे और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में छात्रों तक पहुंच बनाई। यह पूरा रैकेट एक संगठित सिंडिकेट की तरह काम कर रहा था, जो छात्रों की कमजोरियों और उनकी मजबूरियों का फायदा उठाता था।सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क ने कई जगहों पर सेमिनार भी आयोजित किए। इसमें ज्यादातर पुराने छात्र एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे, जिनमें बड़ी संख्या इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के छात्रों की बताई जा रही है।शुरुआती जांच में लातूर का नाम सामने नहीं आया था। लेकिन एक अभिभावक की शिकायत के बाद जिला पुलिस ने अपनी जांच की जानकारी सीबीआई को दी, जिसके बाद मामला तेजी से खुलता चला गया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पीवी कुलकर्णी नीट परीक्षा के पेपर सेट करने की प्रक्रिया में लंबे समय तक जुड़े रहे थे।

## सीबीआई ने महिला प्रोफेसर को किया गिरफ्तार, एनटीए पैनल का थीं हिस्सा

नईदिल्ली (आरएनएस)। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लगातार गिरफ्तारियां जारी हैं। अब एजेंसी ने महाराष्ट्र के पुणे की रहने वाली जीव विज्ञान की महिला प्रोफेसर मनीषा गुरुनाथ मंधारे को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने उक्त महिला को पेपर लीक गिरोह का दूसरा सरगना बताया है। सीबीआई ने बताया कि मंधारे को दिल्ली से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। नीट पेपर लीक मामले में ये सीबीआई की 9वीं गिरफ्तारी है।सूत्रों ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि मंधारे ने छात्रों से लाखों रुपये लेकर विशेष कक्षाएं संचालित कीं। इस दौरान लीक हुए प्रश्न, उनके विकल्प और उत्तर छात्रों को बोलकर लिखवाए गए। सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से प्रश्न पत्रों के 2 सेट- एक हाथ से लिखा हुआ और एक टाइप किया हुआ ।




## सीजेआई सूर्यकांत की कॉकरोच वाले बयान पर सफाई, कहा-बयान को गलत तरीके से पेश किया, मुझे युवाओं पर गर्व...



नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी परजीवी वाली टिप्पणी पर कड़े शब्दों में सफाई देते हुए कहा कि उन्हें उन मीडिया रिपोर्टों से दुख हुआ, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने युवाओं की आलोचना की है.सीजेआई ने एक बयान में कहा, मुझे यह पढ़कर दुख हुआ कि मीडिया के एक हिस्से ने कल एक बेकार केस की सुनवाई के दौरान कही गई मेरी बातों को कैसे गलत तरीके से पेश किया.सीजेआई सूर्यकांत ने जोर देकर कहा कि उनकी बातें खास तौर पर नकली और बोगस डिग्री के जरिए लीगल प्रोफेशन में आने वाले लोगों के लिए थीं और मीडिया के एक हिस्से ने उन्हें गलत तरीके से पेश किया.



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनि जयंती के अवसर पर शनिवार को कमला पार्क स्थित शनि मंदिर में पूजा अर्चना की और मंदिर में आए अनके दर्शनार्थियों से भी भेंट की ।

## पेट्रोल-डीजल में 3 रुपए की बढ़ोतरी के बाद अभी और बढ़ सकते हैं दाम



नई दिल्ली,(ए)। पश्चिम एशिया में पिछले ढाई महीने से जारी संकट के चलते कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है। यह 130 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया था और अब भी लगातार 100 डॉलर के ऊपर बना हुआ है। इसके कारण सरकारी तेल कंपनियों को हर महीने 30,000 करोड़ का नुकसान हो रहा था। सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। चार साल में पहली बार पेट्रोल-डीजल की कीमत को बढ़ाया गया है, लेकिन इसमें अभी और बढ़ोतरी हो रही है।ईरान पर अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी के हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत 50 फीसदी से ज्यादा चढ़ी हैं।

## पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वे भूगोल का हिस्सा रहना चाहते हैं या इतिहास का: आर्मी चीफ का सख्त संदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को इस्लामाबाद को कड़ा सैन्य संदेश देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उन्हें यह तय करना होगा कि वे भूगोल का



हिस्सा रहना चाहते हैं या इतिहास का. जनरल द्विवेदी की टिप्पणी भले ही संक्षिप्त थी, लेकिन इसमें पाकिस्तान के लिए एक कड़ा संदेश था और उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को फिर से दोहराया.

यहां मानेकशॉ सेंटर में यूनिफॉर्म अनवेइल्ड द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान जब सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से पूछा गया था कि यदि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां दोबारा पैदा होती हैं, तो भारतीय सेना इस पर क्या प्रतिक्रिया देगी.

इस पर सेना प्रमुख ने कहा, अगर आपने मुझे पहले सुना हो, तो मैंने यही कहा है...कि पाकिस्तान अगर आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उन्हें तय करना होगा कि वे भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहते हैं या इतिहास का. सेना संवाद नाम के इस कार्यक्रम में उनका यह बयान देश और भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद आया है.पिछले साल घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में, 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसके तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले (सटीक एयरस्ट्राइक/स्ट्राइक) किए थे. बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और इसके जवाब में भारत द्वारा किए गए सभी पलटवार भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत ही अंजाम दिए गए थे.परमाणु हथियारों से लैस इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच लगभग 88 घंटे तक चला यह सैन्य संघर्ष 10 मई की शाम को आपसी समझौते पर पहुंचने के बाद रुका.

### धार्मिक आयोजन :

# विवाह वर्षगांठ पर सक्सेना दंपत्ति ने कराया सुंदरकांड का पाठ, समाज को दी नई दिशा



भोपाल (संदीप पंडा)। स्थानीय जवाहर चौक स्थित ऐतिहासिक चित्रगुप्त मंदिर में शनिवार को एक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और सुंदरकांड की चौपाइयों को सुनकर पुण्य लाभ कमाया। भक्तिमय माहौल में डूबे भक्त पाठ के दौरान पूरी तरह से भाव-विभोर नजर आए।

### विवाह वर्षगांठ पर अनूठी पहल

यह विशेष आयोजन श्री के.के. सक्सेना (दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप संपादक) एवं श्रीमती भावना सक्सेना (दैनिक क्षितिज किरण ब्यूरो चीफ सीहोर) द्वारा अपनी विवाह वर्षगांठ (शादी की सालगिरह) के उपलक्ष्य में कराया गया था। अमूमन लोग अपनी शादी की सालगिरह पर आधुनिक पार्टियों का आयोजन करते हैं, लेकिन सक्सेना दंपत्ति ने इस मांगलिक अवसर को भगवान की भक्ति के साथ मनाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश और नई दिशा दी है।

### गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति


इस धार्मिक आयोजन में कायस्थ समाज के बंधुओं के साथ-साथ शहर के कई गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्ध जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने सुंदरकांड पाठ में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया और सक्सेना दंपत्ति को उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।अनुष्ठान की समाप्ति और महाआरती के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों के लिए अल्पाहार (नाश्ते) की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और जय चित्रगुप्त के जयकारों से गुंजायमान रहा।




## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा एक्शन, ब्लैक लिस्ट में गरीबों से धांधली करने वाले 200 से अधिक अस्पताल

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से ही भ्रष्टाचारियों और लापरवाहों पर लगातार सख्त रुख अपना रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा एक्शन लिया है।सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत तय मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी अस्पतालों पर एक बहुत बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 200 से अधिक अस्पतालों पर अपना शिकंजा कसा है। इनको ब्लैक लिस्ट किया गया है।योगी आदित्यनाथ सरकार ने सौ अस्पतालों का भुगतान रोका है और सौ को निलंबित कर दिया है। ब्लैकलिस्ट किए गए इन 200 से अस्पतालों पर गरीबों के इलाज में धांधली का आरोप है। यह सख्त कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सीधे निर्देश पर की गई है, क्योंकि इन अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत निर्धारित प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं किया था। योगी आदित्यनाथ सरकार ने आयुष्मान योजना में पंजीकरण के लिए 35 मानकों का पूरा करना अनिवार्य रखा है। ऐसे में बड़ी संख्या में अस्पतालों की धांधली सामने आई है।

# बंगाल की खाड़ी में तेल-गैस का पता लगाने के लिए विशाल सर्वे करेगी सरकार



नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए विकल्प तलाश रहा है। इसी कदम के तहत केंद्र सरकार सबसे बड़े समुद्री तेल और गैस अन्वेषण अभियानों में से एक की तैयारी कर रही है। सरकार ने बंगाल की खाड़ी में हजारों किलोमीटर लंबे इलाके में समुद्र तल के नीचे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज करने के लिए सर्वे शुरू कराने का फैसला लिया है। रिपोर्ट में सरकारी दस्तावेजों के हवाले से बताया गया है कि सरकार पूर्वी तट पर बंगाल-पूर्णिया, महानदी, कृष्णा-गोदावरी, कावेरी और अंडमान अपतटीय क्षेत्रों को कवर करते हुए एक बहु-बेसिन भूवैज्ञानिक सर्वे की तैयारी कर रही है। इस संबंध में 14 मई को निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। योजना के तहत, समुद्र तल का सर्वे किया जाएगा, ताकि उन स्थानों की पहचान की जा सके, जहां हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी हो सकती है।रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल-पूर्णिया और महानदी सर्वेक्षण में ही 45,000 किलोमीटर की रेखाएं शामिल होंगी। अंडमान बेसिन सर्वेक्षण में 43,000 किलोमीटर की रेखाएं, कृष्णा-गोदावरी में 43,000 किलोमीटर, जबकि कावेरी बेसिन में 30,000 किलोमीटर की रेखाएं जुड़ेंगी। कुल मिलाकर, ये सर्वेक्षण रेखाएं लगभग 1.60 लाख किलोमीटर के इलाके में फैली होंगी। सर्वे करीब 2 साल में पूरा होने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि समुद्र के नीचे ऐसे ऊर्जा भंडार मौजूद हो सकते हैं जिनका दोहन नहीं हुआ है।दस्तावेजों के अनुसार, बंगाल बेसिन में 10 किलोमीटर से अधिक मोटाई की परतें हैं, जिनमें संभावित हाइड्रोकार्बन भंडार मौजूद हैं। महानदी बेसिन को अधिकारी व्यावसायिक उत्पादन क्षमता वाला बेसिन बताते हैं, जिसमें कई हाइड्रोकार्बन भंडार की मौजूदगी के संकेत हैं। अंडमान बेसिन सबसे अहम है, क्योंकि इसकी भूवैज्ञानिक संरचना म्यांमार और इंडोनेशिया के गैस उत्पादक क्षेत्रों से मिलती-जुलती है।

## ओडिशा की भक्त ने शिरडी के साई बाबा को 10 लाख रुपये का सोने का ब्रोच चढ़ाया

शिरडी (महाराष्ट्र)(आरएनएस)। दुनिया भर से भक्त अपनी आस्था और भक्ति के लिए लाखों लोग प्रतिवर्ष साई बाबा के मंदिर में आते हैं. हाल ही में, ओडिशा के भुवनेश्वर की एक महिला भक्त ने साई बाबा के चरणों में 10 लाख रुपये कीमत का एक बेहद आकर्षक और नक्काशीदार सोने का ब्रोच चढ़ाया है.

ओडिशा के भुवनेश्वर की रहने वाली साई भक्त संजुक्ता स्वेन अपने परिवार के साथ पिछले 17 सालों से साई बाबा के दर्शन के लिए नियमित शिरडी आ रही हैं. वे साल में कम से कम दो बार बाबा की दरगाह पर जरूर जाते हैं.उन्होंने कहा, साई बाबा ने हमें सब कुछ दिया है. हमने कभी कोई मन्नत नहीं मांगी या साई बाबा से कुछ खास नहीं मांगा; फिर भी, उनके आशीर्वाद से, हमारे पास वह सब कुछ है जिसकी हमें जरूरत है.आज चढ़ाया गया सोने का ब्रोच पूरी तरह से आस्था के कारण साई बाबा को दिया गया था. इस मौके पर दानकर्ता, संजुक्ता स्वेन ने कहा, जब भी साई बाबा को हमारी दी हुई चीजों से सजाया जाता है, तो हमें गहरा एहसास होता है कि वह हमारे साथ ही हैं, यह एक ऐसा अनुभव है जिसे हम संजोकर रखते हैं.





# भोपाल में महिला कांग्रेस का 'धक्का मार्च', स्कूटी को धक्का लगाकर पेट्रोल पंप पहुंचीं कार्यकर्ता

## - पेट्रोल-डीजल की कीमतों को कम करने की मांग

भोपाल, (निप्र) । राजधानी भोपाल में शनिवार को पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ महिला कांग्रेस ने एक बेहद अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता सड़कों पर उतरीं और स्कूटी को धक्का लगाते हुए न्यू मार्केट स्थित नानके पेट्रोल पंप पहुंचीं। इस धक्का मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पेट्रोल पंप पर प्रतीकात्मक रूप से ईंधन भरवाकर कीमतों को तुरंत कम करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की यह मार सिर्फ किसी एक पर नहीं, बल्कि पूरे देश की आम जनता पर पड़ रही है। ईंधन के दाम बढ़ने से इसका सीधा असर आम आदमी के घर के बजट पर होता है, जिससे रसोई के राशन से लेकर हरी सब्जियों तक हर जरूरी चीज महंगी हो जाती है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते




हुए कहा कि जब भी कोई संकट आता है तो सरकार जनता से सहयोग की उम्मीद करने लगती है, लेकिन महंगाई को कम करने के लिए उसके पास कोई ठोस रणनीति नजर नहीं आती। यही वजह है कि आज महिलाओं को मजबूरन अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आवाज उठानी पड़ रही है। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता रोशनी यादव ने भी सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल का 100 रुपए के पार पहुंचना और डीजल की कीमतों में लगातार हो रहा इजाफा मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ रहा है। ईंधन महंगा होने से मालभाड़ा बढ़ जाता है, जिससे रोजमर्रा की हर जरूरत की चीजें महंगी हो जाती हैं। रोशनी यादव ने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ चुनाव के समय ही जनता की हितैषी बनती है और चुनाव खत्म होते ही तुरंत पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए जाते हैं। उन्होंने चुनावी वादों को याद दिलाते हुए कहा कि चुनाव बीत जाने के बाद न तो रसोई गैस सिलेंडर 400 रुपए का हुआ और न ही लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए मिले। हालांकि, इस पूरे प्रदर्शन के दौरान एक दिलचस्प नजारा तब देखने को मिला जब महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरीं कई प्रमुख महिला कार्यकर्ता प्रदर्शन खत्म होते ही अपनी-अपनी चार पहिया गाड़ियों में बैठकर वहां से रवाना हो गईं।



# वट सावित्री व्रत पर खटलापुरा मंदिर में उमड़ी श्रद्धा, महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की

भोपाल, (निप्र.)। राजधानी भोपाल के खटलापुरा मंदिर परिसर में शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।जानकारी के लिए बता दें कि शनिवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लगी रही। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं महिलाओं ने विधि-विधान के साथ वट वृक्ष का पूजन किया, धागा बांधा और कथा श्रवण कर व्रत का पालन किया।



## शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर डीपीआई पर उग्र प्रदर्शन, तेज धूप में सड़क पर डटे अभ्यर्थी

भोपाल, (निप्र) । मध्य प्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा-2025 में चयनित और पात्र अभ्यर्थियों का आंदोलन शनिवार को राजधानी भोपाल में उग्र हो गया। वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि, दूसरी काउंसलिंग और जल्द जॉइनिंग की मांग को लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया।दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में अभ्यर्थी तपती धूप के बीच डीपीआई परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान लगातार नारेबाजी होती रही। इसी बीच तेज गर्मी के कारण एक महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस पहुंची, लेकिन युवती ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया और आंदोलन स्थल पर डटी रही। साथी अभ्यर्थियों ने उसे पानी, एनर्जी ड्रिंक और दवाइयां देकर संभाला, जिसके बाद उसकी हालत सामान्य हुई।

## मध्य प्रदेश में बुजुर्गों और आदिवासियों की सुरक्षा चिंता का विषय : जीतू पटवारी

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों और आदिवासी समाज के खिलाफ अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कमजोर और वंचित वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जीतू पटवारी ने शनिवार को मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध चिंताजनक है। उनके अनुसार वर्ष 2024 में प्रदेश में बुजुर्गों के खिलाफ हत्या, लूट, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य गंभीर घटनाओं सहित छह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए।

## भोपाल के कोलार रोड पर धू-धूकर जली एसयूवी कार, वर्कशॉप कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार रोड स्थित चूनाभट्टी इलाके में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती हुंडई क्रेटा एसयूवी में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और लपटें करीब 10 फीट तक उठने लगीं। घटना भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां पास में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, ट्रांसफार्मर और रिहायशी क्षेत्र होने से बड़ा हादसा होने की आशंका बन गई थी।जानकारी के अनुसार, कोलार रोड पर गार्डन रेजिडेंसी के पास शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे एसयूवी में अचानक धुआं उठना शुरू हुआ। देखते ही देखते आग विकराल हो गई।

## बीयू का बड़ा एक्शन प्लानः अब नहीं चलेगा फर्जी स्टाफ और संसाधनों का खेल, सभी कोर्सों की होगी एक साथ जांच

भोपाल (निप्र)। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों में लंबे समय से चल रही कागजी व्यवस्थाओं पर लगाम कसने की तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने निरीक्षण प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए ऐसा सिस्टम लागू किया है, जिसमें अब किसी कॉलेज में संचालित सभी कोर्सों का एक साथ परीक्षण किया जाएगा। नई व्यवस्था का मकसद उन संस्थानों की वास्तविक स्थिति सामने लाना है, जो अब तक अलग-अलग निरीक्षण के दौरान सीमित संसाधनों को कई कोर्सों के नाम पर दिखाते रहे हैं। विश्वविद्यालय ने इसके लिए नया फॉर्मेट-ए जारी किया है। इसके तहत कॉलेजों को निरीक्षण से पहले ही अपने यहां उपलब्ध भवन, लैब, लाइब्रेरी, फैकल्टी और




अन्य संसाधनों की पूरी जानकारी देनी होगी। इसके बाद निरीक्षण दल उसी जानकारी के आधार पर मौके पर वास्तविक स्थिति का मिलान करेगा।

**अब नहीं चलेगा एक संसाधन- कई कोर्स मॉडल**

अब तक कई कॉलेजों में एक ही क्लासरूम, लैब और फैकल्टी को अलग-अलग समय पर अलग कोर्सों के लिए प्रस्तुत कर संबद्धता और निरंतरता हासिल कर ली जाती थी। निरीक्षण की तारीख और समय अलग होने के कारण यह खेल आसानी से चलता रहा। कई संस्थानों में सीमित संसाधनों के बावजूद बीएड, एमबीए, लॉ, बीपीएड और पारंपरिक कोर्स एक साथ संचालित होते रहे, लेकिन जांच में पूरी तस्वीर सामने नहीं आ पाती थी।

## बिजली उपभोक्ता सायबर जालसाजों से सावधान रहें : मंत्री श्री तोमर

### बिजली बिल का भुगतान बिजली कंपनी के अधिकृत पेमेंट गेटवे अथवा बिजली कंपनी के कैश काउण्टर पर ही करें

भोपाल(निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेस भुगतान के लिये कंपनी के पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम ऐप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल ऐप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि उपभोक्ता को असमय विद्युत विच्छेदन से बचने के लिए किसी निजी मोबाईल नंबर से कॉल कर भुगतान करने के लिये कोई एसएमएस/ व्हाट्सएप जारी नहीं किया जाता है। कंपनी द्वारा एसएमएस केवल निर्धारित सेंडर आईडी से ही भेजे जाते हैं। उपभोक्ता किसी अन्य सेंडर आईडी अथवा निजी नंबर से आए भ्रामक मेसेज से सतर्क रहें।

# न्यायपालिका को अस्पतालों की तरह 24X7 कार्य करना होगा : भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत

### न्याय व्यवस्था के डिजिटली सशक्त होने से आम नागरिकों को मिलेगा त्वरित न्याय - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार कर रही डिजिटल व्यवस्था का निरंतर विस्तार



भोपाल(निप्र)। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने कहा है कि अमरकंटक से निकलने वाली मां नर्मदा, छोटी-छोटी नदियों के मिलने से विशाल स्वरूप प्राप्त करती है। इसी प्रकार नई तकनीक की धाराओं के माध्यम से कोर्ट, पुलिस, प्रिजन, फॉरेंसिक और मेडिको लीगल की शाखाएं यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकाकार होते हुए न्याय पाने में आमजन के लिए सहायक सिद्ध होंगी। आम नागरिक को त्वरित रूप से न्याय देने के लिये न्यायपालिका को अस्पतालों की तरह 24X7 कार्य करना होगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा नागरिकों के लिए डिजिटल सेवाओं का विकास कर न्याय प्रक्रिया को तेज और सरल बनाना सराहनीय और अनुकरणीय है। उच्च न्यायालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से समय पर बंदियों को मुक्त करने, अर्जेंट हियरिंग, कोर्ट ऑर्डर के डिजिटलीकरण जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था देश के सभी न्यायालयों में लागू की जाए। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत जबलपुर में आयोजित फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन- एम्पावरिंग जस्टिस वाया-यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन कानूनविद एवं न्यायविद उपस्थित थे।

**मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से वॉर्ड स्तर पर स्थापित संकेत समाधान मध्यस्थता केंद्रों का हुआ शुभारंभ**


मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में वंदे मातरम और जन गण मन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की लॉन्चिंग की गई। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए अपना नया CLASS (कोर्टरूम लाइव ऑडियो-विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम) लॉन्च किया। यह एक ओटीटी स्टाइल में तैयार किया गया डिजिटल सिस्टम है, जिससे थर्ड पार्टी सिस्टम पर निर्भरता खत्म होगी और लाइव स्ट्रीमिंग का पूरा कंट्रोल हाईकोर्ट अथॉरिटी के पास होगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का नया पोर्टल भी लॉन्च किया गया। यहां जज, वकील और फरियादियों के लिए कोर्ट के ऑर्डर, बेल एप्लिकेशन सहित अन्य जरूरी दस्तावेज आसानी से उपलब्ध होंगे। यह फ्यूचर रेडी ज्यूडिशियल सिस्टम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने डिजिटल डेटा मैनेजमेंट सिस्टम 'प्रथम' भी लॉन्च किया है। यह सिस्टम आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से लैस है। यह पारदर्शिता और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर हाईकोर्ट की डिजिटल क्रांति के अंतर्गत कॉपीइंग ऑटोमेशन एंड ज्यूडीशियल इन्फॉर्मेशन डिसएमीनेशन सिस्टम की शुरुआत भी की गई। इससे फरियादियों, वकीलों और जजों को आसानी से ऑडर्स की प्रमाणित प्रतियां मिल सकेंगी। इसके साथ ही प्रिजनर रिलीज के लिए ऑनलाइन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की वार्षिक रिपोर्ट 2025 का विमोचन किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से वॉर्ड स्तर पर स्थापित संकेत समाधान मध्यस्थता केंद्रों का शुभारंभ किया गया। सीजेआई ने वाक एवं श्रवण बाधित नागरिकों की सहायता के लिए मोबाइल एप्लीकेशन संकेत वाणी भी लॉन्च किया। मध्यप्रदेश ज्यूडीशियल एकेडमी द्वारा निर्मित ज्योति जर्नल 2.0 सॉफ्टवेयर की लॉन्चिंग भी की गई।

# तीन थानो से फरार इनामी बदमाश शिंकजे में, निकाला जुलूस



भोपाल(ए.)। निशातपुरा पुलिस ने तीन थानो से फरार हजारो रुपये के इनामी बदमाश शाहिद खान को गिरफ्तार कर इलाके में उसका जुलूस निकाला। निशातपुरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर 2025 को फरियादी यासिर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था की आरोपी शाहिद खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर के सामने धारदार हथियार लहराकर अडीबाजी की। इतना ही नहीं बदमाश फरियादी के पड़ोसी शेख जैद के गले पर छुरी अड़ाकर जर्बदस्ती बाइक पर बैठाकर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गए थे। बाद में उसे छोडने के एवज में बदमाशो ने फिरोती की मांग की थी। हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए फरियादी को छुडा लिया था। वहीं आरोपी अपने साथियों के साथ फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर उनकी तलाश शुरु की। वारदात का मुख्य आरोपी शाहिद घटना के बाद से ही पुलिस की नजरो से बचते हुए छिपकर रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। बीते दिन तकनीकी सुरागो ओर मुखबीर से मिली सूचना पर टीम ने फरार बदमाश शाहिद पिता जाहिद खान (27) निवासी राहतगढ जिला सागर हाल पता पन्ना नगर करोंद भोपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया की आरोपी के खिलाफ भोपाल के थाना गौतम नगर, शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद, एमपी नगर, अशोकागार्डन, ऐशबाग, निशातपुरा, खजूरीसड़क, हनुमानगंज, पिपलानी, गांधीनगर और कोतवाली थानों में हत्या का प्रयास,अपहरण, दुष्कर्म,अडीबाजी,अवैध वसूली,चोरी,बलवा और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओ के 23 मामले दर्ज हैं। और वह तीन अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों में फरार चल रहा था। आदतन बदमाश की गिरफ्तारी के बाद अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा करने और आम जनता में सुरक्षा का भाव मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने आरोपी का जुलूस भी निकाला। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य वारदातों के साथ ही फरारी के दौरान उसके मददगारों के संबंध में पूछताछ कर रही है

## भोपाल में देर रात आग से हड़कंप, लक्ष्मी टॉकीज इलाके में फल के ठेले जलकर खाक, अफरा-तफरी मची



भोपाल(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पुराने शहर स्थित लक्ष्मी टॉकीज इलाके में शुक्रवार देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग सराए परिसर में खड़े फल-फ्रूट से भरे ठेलों में लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। ऊंची लपटें उठती देख इलाके में हड़कंप मच गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। लक्ष्मी टॉकीज स्थित जिस सराए में आग लगी, वहीं विधायक आतिफ अकील का निवास भी है। घटना की सूचना मिलते ही उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आतिफ अकील मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल वाहन पहुंचने से पहले ही आसपास मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## निगम ने हटाए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

### - ठेले, काउंटर, पान पार्लर, टेबिल, कुर्सी, कैरेड आदि सामान किया जप्त



भोपाल( ए.)। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सी.एम. हेल्पलाईन, महापौर हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, पान पार्लर, काउंटर, गुमठी, आवागमन में बाधक वाहन, दुकानों के बाहर रखा सामान आदि हटवाया साथ ही कबाड़खाना क्षेत्र में 01 अवैध निर्माण को रूकवाने की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान निगम अमले ने ठेले, काउंटर, पान पार्लर, टेबिल, कुर्सी, स्टूल, कैरेड व पन्नी आदि जप्त की।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को कोलार चूना भट्टी, सर्वधर्म, जे.के.हास्पिटल, ललिता नगर, डी-मार्ट, प्रियंका नगर, सीआई चौराहा, नीलबड़, नेहरू नगर, भारत माता चौराहा, सूरज नगर, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, लिंक रोड नंबर-01, 02 व 03, 1100 क्वार्टर्स, होशंगाबाद रोड सागर हास्पिटल, रायसेन रोड अप्सरा टॉकीज, प्रभात चौराहा, अशोका गार्डन, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-01 व 06, जहांगीराबाद, लिली टॉकीज से कालीजी का मंदिर, इतवारा, पुराना कबाड़खाना, कमलापार्क, पुरानी विधानसभा, ईदगाह हिल्स, भोपाल टॉकीज, करोंद चौराहा आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बड़ी संख्या में अतिक्रमण कर लगाये गये ठेले हटवाये साथ ही होशंगाबाद रोड स्थित सागर अस्पताल के पास सर्विस लेन में आवागमन को बाधित करने वाले 15 दो पहिया वाहन, ईदगाह हिल्स मस्जिद के पास से 01 पान की दुकान हटाने की कार्यवाही की और 05 ठेले, 02 पान पार्लर, 10 फाइबर कुर्सी, 20 कैरेड, 02 पन्नियां, 01 स्टूल आदि जप्त किये।

# देश की अनोखी नीमच हर्बल मंडी

## फूल, कांटे, पत्ती, छिलके, बीज, छाल, जड़ सब के मिलते अच्छे दाम किसानों के लिए है वरदान



नीमच (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के नीमच जिले की हर्बल मंडी प्रदेश के औषधीय फसलों के उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। यह देश की एक मात्र मंडी है जहां कांटे, फूल, पत्ती, छिलके, बीज, छाल, जड़ सब बिकते हैं। किसानों को विभिन्न औषधीय फसलों के 500 रूपये से लेकर 2 लाख रूपये प्रति क्विंटल तक भाव मिल जाते हैं। नीमच मंडी की प्रसिद्धि देखते हुए गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के किसान अपनी फसलें लेकर यहां आ रहे हैं। अप्रैल माह तक मंडी की भरपूर आवक बनी रहती है जो मई के आखरी सप्ताह तक कम होने लगती है। किसानों को निराश नहीं होना पड़ता। हर प्रकार की जड़ी-बूटी बिक जाती है। मुख्य मंडी प्रांगण में 16 शेड हैं। यह एक मात्र मंडी है जहां 40-50 प्रकार के औषधीय पौधों की खरीदी बोली लगाकर होती है। मसाला फसलों की खरीदी करने वाली देश की एक मात्र सबसे बड़ी मंडी है।श्री नीलेश पाटीदार नीमच के बड़े काश्तकार हैं। उनकी 45 एकड जमीन है। परिवार में 12 सदस्य हैं। वे पिछले दो-तीन सालों से मसाला फसलों की खेती कर रहे हैं। वे बताते हैं कि इसबगोल, इरानी अकरकारा, चिरायता, आजवाइन, किनोवा, चियासीड, तुलसी बीज जैसी फसलों के बहुत अच्छे दाम मिल जाते हैं। लहसून के भी अच्छे दाम मिलते हैं। नीलेश को इस बात की प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औषधीय फसलों के उत्पादन के लिये प्रोत्साहित कर रहे हैं। वे कहते हैं कि सरकार जड़ी-बूटी की खेती के तौर-तरीकों के संबंध में अच्छी ट्रेनिंग दिलवायेगी तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। फिलहाल सरकार की ओर से हर जरूरी सहूलियतें मिल रही हैं। मदद सरकार की और मेहनत हमारी। जड़ी-बूटी उगाने वाले किसानों के लिये नीमच मंडी एक बड़ा सहारा है। प्रहलाद सिंह रतलाम जिले के आजमपुर डोडिया गांव में रहते हैं। उन्हें अश्वगंधा और अकरकारा बीज बेचने के अच्छे दाम मिले हैं। मंडी में समय पर बोली लग जाती है और आसानी से फसल बिक जाती है। किसानों को जरा सी भी परेशानी नहीं होती। मंडी के सब लोगों का व्यवहार बहुत अच्छा है। सरकार ने हमारे जैसे छोटे और मझौले किसानों के लिए मंडी में अच्छी व्यवस्थाएं करा दी हैं। पंचम सिंह भी इसी गांव के किसान है और आजवाइन, अश्वगंधा लेकर आते हैं। उन्हें तत्काल भुगतान हो जाता है। मंडी की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हो गई हैं। वे बताते हैं कि अब मंडी की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई है।

# 105 साल पुराने शनि मंदिर में उमड़े श्रद्धालु - राजस्थान से भी पहुंचे भक्त

## – चांदी के आभूषणों से हुआ विशेष श्रृंगार

राजगढ़(ए.)। जिले के खिलचीपुर नाहरदा परिसर में स्थित 105 साल पुराने शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह 11 बजे के बाद मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिलेभर के गांवों और कस्बों के अलावा राजस्थान सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों से भी भक्त शनिदेव के दर्शन के लिए लगातार यहां पहुंच रहे हैं। सुबह से ही पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में रंगा हुआ है और लगातार जय शनिदेव के जयकारों व घंटियों की आवाज से गूंज रहा है। दूर-दराज से आए श्रद्धालु अपने हाथों में सरसों का तेल, नारियल, काली उड़द, दीपक, फूल माला और प्रसाद लेकर कतारों में लगकर शनिदेव के दर्शन कर रहे हैं। इस खास अवसर के लिए मंदिर समिति द्वारा शनिदेव का चांदी के आभूषणों से भव्य और विशेष श्रृंगार किया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस दुर्लभ संयोग का पुण्य लाभ लेने के लिए कई श्रद्धालु अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। भक्त भगवान के समक्ष घर में सुख-शांति, व्यापार में उन्नति और साढ़ेसाती व शनि दोष से मुक्ति की कामना कर रहे हैं। दर्शनार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए सुगम दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।



# छतरपुर के डायल-112 हीरोज

## *रास्ता भटकी मानसिक रूप से अस्वस्थ 13 वर्षीय बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलाया*

छतरपुर(आरएनएस)। छतरपुर जिले के थाना बकस्वाहा क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई से घर का रास्ता भटक गई मानसिक रूप से अस्वस्थ 13 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय पहल से बालिका को सुरक्षा एवं परिवार का सान्निध्य प्राप्त हो सका।15 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बकस्वाहा क्षेत्र अंतर्गत देवरी तिराहा के पास एक 13 वर्षीय बालिका अकेली घूम रही है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है एवं पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही बकस्वाहा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक मुकेश कुमार एवं पायलट पंकज कुमार दुबे ने बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया। बालिका मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने बारे में कोई स्पष्ट जानकारी देने में असमर्थ थी। डायल-112 जवानों ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिका को एफआरव्ही वाहन से आसपास के क्षेत्रों में ले जाकर परिजनों की तलाश एवं पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बालिका के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।



# धार की भोजशाला को लेकर आए निर्णय के बाद जमकर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की

उज्जैन (ए.)। धार की भोजशाला को लेकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जो ऐतिहासिक निर्णय दिया गया है उस निर्णय से सर्वत्र हर्ष की लहर व्याप्त है। मां वाग्देवी की प्रतिमा व मंदिर को जिस प्रकार मुस्लिम आक्रांत्रों द्वारा ध्वस्त किया जाकर हिंदू समाज को अपमानित किया गया था।अब माननीय न्यायालय के निर्णय से उसकी पुनर्स्थापना का वक्त आ चुका है।

यह बात भारत तिब्बत समन्वय संघ के मालवा प्रांत अध्यक्ष एवं संस्कृति रक्षक मंच के अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी ने मोहन नगर अंबे माता मंदिर चौराहे पर निर्णय के समर्थन में आतिशबाज़ी कर मिठाई वितरित करने के दौरान उपस्थित लोगों के मध्य कही।आपने कहा कि राजाभोज द्वारा सन 1034 में भोजशाला का निर्माण करवाया गया था एवं सन 1035 में वाग्देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी लेकिन सन 1305 में मोहम्मद खिलजी ने आक्रमण कर संस्कृति और संस्कृत के प्रमुख केंद्र भोजशाला को ध्वस्त कर उसे इस्लामी गतिविधियों का केंद्र बनाया था। लेकिन बहुत साल के संघर्ष व मुक्ति के लिए आंदोलन हुए व देश की आजादी के बाद 1952 से लगातार प्रयास होते रहे इस दौरान आततायियों के साथ ही अन्य लोगों द्वारा सनातनियों पर कई अत्याचार किए गए लेकिन भोजशाला मुक्ति का आंदोलन थमा नहीं, भोजशाला मुक्ति के लिए वर्ष 2003 में पचघाटी के लक्ष्मण सिंह, अमक्षेरा के बने सिंह ,टांडा के अंतर सिंह ने अपना बलिदान दिया था।

# बट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने मांगी अखंड सौभाग्य की कामना, अमरकंटक में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



अनूपपुर, (ए.)। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनिवार को मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिलेभर में श्रद्धा और आस्था के साथ बट सावित्री व्रत एवं शनि अमावस्या का पर्व मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। वहीं अमरकंटक में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पवित्र घाटों में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। अमरकंटक स्थित रामघाट, कोटि तीर्थ कुंड और अन्य घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और परिवार की सुख-समृद्धि व मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। माना जाता है कि माता सावित्री ने अपने तप और पतिव्रता धर्म के बल पर यमराज से पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी आस्था के चलते महिलाएं यह व्रत पति की लंबी उम्र और वैवाहिक सुख के लिए रखती हैं।पर्व के अवसर पर सौभाग्यवती महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे पूजा कर धागा बांधा, आरती उतारी और परिक्रमा की। महिलाओं ने पति एवं परिवार के सुखद, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए श्रद्धाभाव से वट वृक्ष की फेरी लगाई। नर्मदा मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित वट वृक्षों के आसपास सुबह से दोपहर तक पूजा का सिलसिला चलता रहा।इसी दिन शनि अमावस्या होने से श्रद्धालुओं ने शनिदेव की पूजा भी की। अमरकंटक स्थित नर्मदा मंदिर के सामने पीपल वृक्ष के नीचे विराजमान शनिदेव मंदिर में भक्तों ने तेल अर्पित कर पूजा-अर्चना की और जीवन से कष्टों एवं बाधाओं की मुक्ति की प्रार्थना की।हालांकि इस वर्ष अमरकंटक में पर्व के दौरान अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली। संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। दिनभर धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया।

# व्यापार समाचार

# कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों ने गंवाए 1.67 लाख करोड़



मुंबई (आरएनएस)। कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण मुनाफावसूली की वजह से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार दिन के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस तरह, घरेलू बाजार की दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला शुक्रवार को समाप्त हो गया।

बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 पर था, तो वहीं निफ्टी 50 46.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर पहुंच गया।

दिन के दौरान, सेंसेक्स 75,497.10 पर खुलकर 75,870.36 का दिन का हाई छुआ तो वहीं 75,139.41 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। जबकि निफ्टी 50 23,731.40 पर खुलकर 23,839.30 के दिन के उच्चतम स्तर और 23,610.30 के निचले स्तर को छुआ।

व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.45 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.61 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। वहीं, निफ्टी मीडिया (1.98 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी आईटी (1.30 प्रतिशत की तेजी) में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी फार्मा में भी अच्छी तेजी देखी गई, वहीं निफ्टी ऑटो में मामूली तेजी देखी गई।

निफ्टी50 इंडेक्स में टीएमपीवी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, इंफोसिस, कोल इंडिया, टेक महिंद्रा, कोटक बैंक, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी इंडिया, भारती एयरटेल और विप्रो के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली और ये टॉप गेनर्स में शामिल रहे। वहीं इसके विपरीत, हिंडाल्को, इटरनल, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और एमएंडएम के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।इस दौरान, बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सत्र के 462.9 लाख करोड़ रुपए से घटकर 460.5 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिससे निवेशकों को एक ही सत्र में 2.4 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज पर ब्रेंट क्रूड के मई वायदा अनुबंध में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 108.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### 2026-27 के लिए आईटीआर फाइलिंग प्रोसेस शुरू हुआ, इनकम टैक्स ने जारी की एक्सेल यूटिलिटीज

नई दिल्ली(आरएनएस)। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर वित्त वर्ष 2025-26 (असेसमेंट ईयर 2026-27) के आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी कर दिया गया है।इससे आईटीआर फाइलिंग की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा कि करदाता आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज और ऑनलाइन फाइलिंग ऑप्शंस अब एक्सेस कर सकते हैं। इसके साथ ही ऑफलाइन यूटिलिटीज का भी ऐलान किया है। इससे करदाता ऑफलाइन फॉर्म को भर सकते हैं और जेएसओएन फाइल को जनरेट कर वेरिफिकेशन के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग पोर्ट्ल पर अपलोड कर सकते हैं। नॉन-ऑडिट करदाताओं के रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है।

# ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए पर पहुंचा, जानें प्रमुख शहरों के भाव




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के प्रमुख शहरों में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कीमतों में प्रति लीटर 3 रुपए से अधिक की नई वृद्धि की घोषणा के बाद हुई है। यह फैसला वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही वृद्धि और पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से जुड़ी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच लिया गया है।

इस बदलाव के बाद, हैदराबाद में पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि तिरुवनंतपुरम में डीजल की दरें 99.63 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।

कीमतों में यह ताजा बढ़ोतरी मई 2022 के बाद ईंधन की कीमतों में पहला बड़ा बदलाव है। उस समय अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद पेट्रोल और डीजल की दरें ज्यादातर अपरिवर्तित रखी गई थीं। तेल विपणन कंपनियों ने इस बदलाव का मुख्य कारण कच्चे तेल की खरीद और रिफाइनिंग की बढ़ती लागत से होने वाले बढ़ते नुकसान को बताया है।देश भर में पेट्रोल की कीमतों में 3 रुपए से लेकर 3.46 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई, जबकि राज्यों और स्थानीय टैक्स के आधार पर डीजल की कीमतें 3 रुपए से 3.56 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ गईं।

राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमतें 3 रुपए बढ़कर 97.77 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जबकि इसी तरह की बढ़ोतरी के बाद डीजल की कीमतें बढ़कर 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गईं।मुंबई के लोगों को अब पेट्रोल के लिए 106.64 रुपए प्रति लीटर देने होंगे, जिसमें 3.10 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल की कीमतें 3.11 रुपए बढ़कर 93.14 रुपए प्रति लीटर हो गई हैं।कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 108 रुपए के पार हो गई और 108.74 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई, जबकि डीजल की कीमत बढ़कर 95.13 रुपए प्रति लीटर हो गई।चेन्नई में ताजा बदलाव के बाद पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 103.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल की दरें बढ़कर 95.25 रुपए प्रति लीटर हो गईं। हैदराबाद में भारत के बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत सबसे ज्यादा बनी रही, जहां कीमतें 3.39 रुपए बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गईं। शहर में डीजल की कीमतें भी बढ़कर 98.96 रुपए प्रति लीटर हो गईं। ईंधन की कीमतों के मामले में तिरुवनंतपुरम भी हैदराबाद के करीब रहा, जहां पेट्रोल की दरें 110.75 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।केरल की राजधानी में डीजल की कीमतें 3.37 रुपए बढ़कर 99.63 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं।

# केंद्र सरकार ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत महाराष्ट्र के लिए 8,368 करोड़ रुपए जारी किए

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं, और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम, तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे और प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पीएमएवाई-जी के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रिकॉर्ड समय में 5 लाख आवास पूर्ण कर सुशासन, संवेदनशीलता और परिणामोन्मुख प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने महाराष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 हेतु 8,368.50 करोड़ रु. की केंद्रीय अंश सहायता जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में ग्रामीण गरीबों के आवास निर्माण अभियान को और तेज करेगी तथा बेघर-मुक्त ग्रामीण महाराष्ट्र के संकल्प को मजबूत आधार देगी।चौहान ने यह भी कहा कि जिन पात्र परिवारों का नाम अब तक छूट गया है, उनके लिए भी रास्ता खुला है और सर्वे तथा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यकतानुसार और आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि बिजली, जल, स्वच्छता और सम्मानपूर्ण जीवन के साथ समग्र ग्रामीण जीवन-स्तर को ऊंचा उठाना है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चार के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए 122.98 करोड़ रु. की लागत वाली 35 सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री फडणवीस को सौंपी। 95.99 किलोमीटर लंबाई की इन परियोजनाओं से राज्य की 35 ग्रामीण बसावटों को लाभ मिलेगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच अधिक सुगम होगी।

शिवराज सिंह चौहान ने 'महा आवास अभियान' के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों, इकाइयों और अधिकारियों को मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ सम्मानित करते हुए कहा कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण का भाव साथ आता है, तब विकास अभियान जनआंदोलन बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने ग्रामीण आवास के क्षेत्र में जिस गति और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, वह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरक है।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सहयोग से महाराष्ट्र को रिकॉर्ड 30 लाख आवासों की स्वीकृति मिली और राज्य ने रिकॉर्ड समय में 5 लाख घर पूर्ण कर आज लाभार्थियों को समर्पित किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आवासों की गुणवत्ता बढ़ाने, सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली सुविधा उपलब्ध कराने और जमीनविहीन पात्र परिवारों को भी सहायता देकर इस अभियान को व्यापक सामाजिक सुरक्षा के मॉडल में बदला है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग की लत

एक बड़ी समस्या बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ी लत है। इसे कैसे नियंत्रित और अनुशासित किया जाए, इस चुनौती का सामना तमाम समाजों को करना पड़ रहा है। भारत में क्या किया जाए, यह महत्त्वपूर्ण सवाल है। ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने का कानून पारित करने के लगभग एक साल बाद केंद्र ने इस पर अमल के नियम तय किए हैं। स्पष्टतः इनमें गेमिंग के हानिकारक असर और तकनीकी प्रगति के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। कहा जा सकता है कि इस कोशिश में सरकार काफी हद तक सफल है। ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन कानून मुख्य रूप से ऑनलाइन जुए को रोकने के लिए बनाया गया था। गेम के नाम पर तब सट्टेबाजी का धंधा इतने बड़े पैमाने पर फैलाया गया कि परिवारों के बर्बाद होने की खबरें आम हो गई थीं। इसका चस्का लगाने के लिए खास कर क्रिकेट मैचों को जरिया बनाया गया। इसीलिए जब सरकार ने उस पर रोक लगाई, तो समाज के विवेकशील तबकों ने राहत महसूस की। ये अच्छी बात है कि उद्योग जगत की भारी लॉबिंग के बावजूद सरकार अपने इरादे पर अडिग रही है। तय नियमों के तहत जिन गेम्स में पैसे का लेन-देन होता है, उन पर रोक लगी रहेगी। इनमें पोकर, रमी, फैंटेसी स्पोर्ट्स और दांव लगाने से संबंधित गेम शामिल हैं। बाकी ई-स्पोर्ट्स को वैध प्रतिस्पर्धा माना गया है। ऐसे गेम्स को डेवलप करने और संचालित करने पर सामान्यतः कोई रोक नहीं होगी। अगर किसी मामले में सरकार को लगता है कि उस गेम के हानिकारक प्रभाव हो रहे हैं, तो उस पर जरूर रोक लगाई जा सकेगी। इन पर निगरानी के लिए सूचना तकनीक मंत्रालय के तहत एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण बनाया जाएगा। ये सारे नियम सही दिशा में हैं। लेकिन इन नियमों के दायरे से बाहर रह गई एक बड़ी समस्या बच्चों और किशोरों में ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ी लत है। इसे कैसे नियंत्रित और अनुशासित किया जाए, इस चुनौती का सामना तमाम समाजों को करना पड़ रहा है। कुछ देशों में इसकी वैधानिक व्यवस्था की गई है, जिसमें इस रुझान को अनुशासित करने का दायित्व संचालक कंपनियों पर डाला गया है। भारत में इस दिशा में क्या किया जाए, यह महत्त्वपूर्ण सवाल है। लगे हाथ सरकार को इस बारे में भी चर्चा छेड़नी चाहिए थी। बहरहाल, अभी भी देर नही हुई है।

# आखिर क्यों दिनोंदिन बढ़ रही है अपहरण की घटनाएँ ?

**डॉ. चन्दर सोनाने**

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (छब्त्ठ) द्वारा हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार पिछले 70 साल में 20 लाख अपहरण के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। किन्तु इसमें चैंकाने वाली बात यह है कि इन आँकड़ों में से 11 लाख अपहरण केवल पिछले 10 सालों में ही बढ़े हैं। यह गंभीर चिंताजनक बात है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आँकड़ों के अनुसार अपहरण की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि हुई है। देश में अपहरण और लड़कियों को जबरन उठा ले जाने की घटनाएं पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। हाल ही में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक आईएएस एकेडमी की निदेशक के अपहरण और 1 करोड़ 89 लाख रूपए की फिरौती के मामले ने प्रदेश और देश में सुरक्षा व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि वर्ष 1953 से 2024 तक देश में कुल 20 लाख से अधिक अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें चैंकाने वाला तथ्य यह है कि इन सात दशकों में कुल मामलों का 54 प्रतिशत हिस्सा यानी 11 लाख 24 हजार प्रकरण केवल पिछले एक दशक 2013 से 2024 के दौरान ही दर्ज हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल अपराधों में अपहरण की हिस्सेदारी वर्ष 1953 से 1962 के बीच 1.01 प्रतिशत थी। जो 2013 से 2024 के दौरान बढ़कर 3.04 प्रतिशत तक पहुँच गई। अपहरण के कारणों में सबसे बड़ा कारण विवाह के लिए महिलाओं को उठाना और सामान्य अपहरण है।

अपहरण के मामलों में राज्यों की तुलना करें तो उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरे नम्बर पर है। वर्ष 2024 के आँकड़ों में बिहार शीर्ष 6 राज्यों में सबसे नीचे दर्ज किया गया है। फिरौती के लिए किए जाने वाले संगठित अपहरण कुल मामलों का




केवल 0.7 प्रतिशत ही है।

उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले 7 दशकों में से प्रत्येक दशक में अपहरण और उसकी हिस्सेदारी इस प्रकार है - सन 1953 से 1962 के बीच 60,463 अपहरण हुए थे। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.01 प्रतिशत ही थी। 1963 से 1972 के दशक में कुल 85,401 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी भी 1.01 प्रतिशत ही थी। 1973 से 1982 तक के दशक में 1,22,905 अपहरण हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 0.98 प्रतिशत थी।

सन 1983 से 1992 के दशक में कुल अपहरण 1,68,112 अपहरण हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.13 प्रतिशत थी। सन 1993 से 2002 के दशक में कुल अपहरण 2,17,949 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.26 प्रतिशत थी। सन 2003 से 2012 तक के दशक में कुल अपहरण 3,05,438 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.33 प्रतिशत थी। सन 2013 से 2024 के दौरान अपहरण की संख्या में अचानक तीन गुना वृद्धि हो गई ! इस दशक में कुल अपहरण 11,24,117 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 3.04 प्रतिशत थी। ये आँकड़ें भयावह और चैंकाने वाले हैं। दिनोंदिन अपहरण की बढ़ती हुई संख्या चैंकाने वाली है। साथ ही आश्चर्यजनक भी है। जिस परिवार में किसी लड़की या लड़के का अपहरण होता है तो उस पर क्या गुजरती है, यह वहीं जानता है। पूरे परिवार की नींद उड़ जाती है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे इन आँकड़ों को गंभीरतापूर्वक लें और योजनाबद्ध तरीके से अपहरण के बच्चे को न केवल ढूँढ निकाले, बल्कि भविष्य में अपहरण नहीं होने पाए, इसके लिए कठोर नियम बनावें, ताकि कोई किसी परिवार के दिन का चेन और रात की नींद खराब नहीं होने पाए।

## (चिंतन-मनन) आत्मज्ञान के लिए पात्रता

*एक बार की बात है। एक धनिक सेठ एक पहुंचे हुए संत के पास पहुंचा और उनसे बोला, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना का प्रयास करता हूं। परंतु मेरा मन ध्यान में एकाग्र ही नहीं हो पाता। आप मुझे मेरे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। धनिक सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और वहां पर तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ कि एक पहुंचे हुए संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए अच्छे-अच्छे पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका बहुत स्वागत सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के पात्र में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। यह देखकर वह बोला, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो कूड़ा-करकट भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, अपितु वह भी कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। सबसे पहले पात्रता विकसित करो, तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे हैं, तो वे आत्मज्ञान को आत्मसात कैसे कर पाएंगे ? एकाग्रता भी तभी बनती है, जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर धनिक सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह शुद्ध आचरण से तथा परोपकार के द्वारा पहले अपने को सुपात्र बनाएगा, ताकि उसे आत्मज्ञान सहजता से प्राप्त हो सके।*

## कैद में करुणा : पंचेन लामा और तीन दशकों का सन्नाटा

**निमिषा सिंह/**

आज का मेरा यह आलेख उस बालक के नाम है जो आज 37 साल का हो चुका होगा, जो शायद आज भी किसी खिड़की से बाहर देखते हुए अपनी आज़ादी का सपना देखता होगा। यह उन हज़ारों माताओं के नाम है जिनके बच्चे उनसे दूर सरकारी इमारतों में अपनी पहचान खो रहे हैं। इतिहास की क्रूरता अक्सर उन पन्नों में दर्ज होती है जहाँ सत्ता अपनी असुरक्षा को छिपाने के लिए मासूमियत का गला घोंट देती है। आज से ठीक इकतीस वर्ष पूर्व, जब हिमालय की चोटियों पर बर्फ पिघल रही थी, तब छह वर्षीय गेधुन चोएक्यी न्यिमा—जिन्हें 11वें पंचेन लामा के रूप में पहचाना गया था उन्हे चीनी तंत्र द्वारा अपनी गिरफ्त में ले लिया गया। यह केवल एक बच्चे का अपहरण नहीं था, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक घेराबंदी थी, जिसका उद्देश्य तिब्बत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रीढ़ को तोड़ना था। व्यावहारिक रूप से समझें तो चीन के लिए पंचेन लामा का पद मात्र धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक नियंत्रण का एक अनिवार्य उपकरण है। तिब्बती परंपरा के अनुसार, पंचेन लामा ही अगले दलाई लामा की पहचान और पुष्टि करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसे में, पंचेन लामा को गायब कर और उनके स्थान पर अपनी पसंद का कठपुतली चेहरा बिठाकर,चीनी कम्युनिस्ट पार्टी भविष्य के दलाई लामा की चयन प्रक्रिया को पूरी तरह अपने नियंत्रण में लेना चाहती है। यह आध्यात्मिक उत्तराधिकार पर एक ऐसा राजनीतिक कब्ज़ा है, जिससे आने वाले दशकों में तिब्बत के भीतर विद्रोह के स्वर को जड़ से खत्म किया जा सके। चीन जानता है कि पंचेन लामा और दलाई लामा का रिश्ता गुरु-शिष्य का है और एक-दूसरे के पुनर्जन्म को पहचानने में उनकी भूमिका निर्णायक होती है।

# देश की मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक, प्रतिभा पर गिद्धों का डेरा।

**अजय दीक्षित**

***नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नीट परीक्षा ( नेशनल एंट्रेंस एलिजिबिलिटी टेस्ट ) का पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द करदी गई है।यह नीट परीक्षा देश भर के 22 लाख परीक्षार्थियों ने 3 मई को देश भर के 1500 से अधिक केंद्रों पर दी थी।इस मामले से यह साबित हो गया है कि देश में प्रतिभा पर गिद्धों का डेरा है।अबकी बार इन गिद्धों रूपी मांगीलाल और दिनेश रीयल सेक्टर के जयपुर के कारोबार से जुड़े ने नासिक एक बेहद प्रतिष्ठित प्रेस से पूरा पेपर 30 लाख में खरीदा और उसे सबसे पहले अपने पुत्र को सीकर में उपलब्ध करवाया। उसके बाद जयपुर से महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, असम, पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना,में विभिन्न ठिकानों पर लाखों रुपए में बेच कर लगभग 10 करोड़ रुपए वसूल किए।***

ये पेपर 26,27 अप्रैल को खरीदा गया। चुकी सॉफ्ट कॉपी में था इसलिए एक दिन में ही पूरे भारत में सर्कुलेट हो गया था।

सबसे पहले जयपुर में पुलिस को एक गैस पेपर मिला जो 420 प्रश्न का था उसमें केमिस्ट्री के 120 प्रश्न हू ब हु ओरिजनल पेपर में थे । एक कोचिंग यह जारी किया था तब पुलिस का माथा ठनका तो मालूम हुआ कि पूरा पेपर ही कई विद्यार्थी पर था ।इस पर केंद्रीय मंत्री शिक्षा धर्मेंद्र प्रधान ने संज्ञान लिया और जांच कराई तो पाया




कि पूरे देश में व्हाट्सएप के जरिए फेल गया ।कई लोगों ने पच्चीस हजार में खरीदा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीबीआई की रिपोर्ट पर परीक्षा रद्द कर दी। सीबीआई अभी जांच कर रही है बताया जाता है कि पूरे देश में 100 से अधिक लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

यह दूसरा मौका जब एनटीए की नीट परीक्षा पर प्रश्न लग रहे हैं इससे पूर्व 2024 की परीक्षा पर भी सवाल उठे थे।

दरअसल देश में एक तबका ऐसा है कि उसे अपने बच्चों डॉक्टर बनाना है क्योंकि मेडिकल डॉक्टर की आय का कोई ठिकाना नहीं है।देश में कुल निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एक लाख सीट है और 22 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।यानि कड़ी प्रतियोगिता है।इस लिए लोग गलत रास्ते अपनाते हैं । दिनेश और मांगीलाल के घर चार बच्चों को ,2024, में प्रवेश मिला है।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा पर हमेशा से ही गिद्धों की नजर रही है।इन गिद्धों में दलाल, राजनेता,नौकरशाह शामिल रहे हैं।इनका जाल राज्यों की यूपीएससी, सीएससी,कुछ हद तक यूपीएससी,सेना भर्ती तक फैला हुआ है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा भी इसमें शामिल है। बताया जाता है कि ये लोग सबसे पहले पेपर सेटर से बात करते हैं फिर पता लगाते हैं कि पेपर किस प्रेस में प्रकाशित हो रहा है।बस यही एक कमजोर कड़ी से सॉफ्ट कॉपी प्राप्त करते हैं। और मनमाने तरीके से बेच देते हैं।इसमें प्रतिभा शील छात्र पीछे रह जाते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इन पेपर को कलेक्टर के हवाले कर देते हैं और कलेक्टर इन्हें कोतवाली में रख देता है मगर

रात को ही लिफाफे को खोल कर पेपर को फोटो कॉपी कर या पीडीएफ बनाकर सर्कुलेट करदेते है। नेटवर्क इतना तगड़ा है कि प्रत्येक राज्य, महानगर,बड़े शहरों से जिले मुख्यालय तक पहुंचा ही नहीं देते बल्कि रात में ही ऑनलाइन पैसा भी ट्रांसफर कर दिया जाता है।




मेष राशि:मेष राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा है। आपके व्यापार में पहले से सुधार आयेगा, जिससे आपको आपका मानसिक सुकून मिलेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही अनबन से मुक्ति मिल जाएगी, जिससे पारिवारिक परिवेश अच्छा होगा। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलने के योग बन रहे है।

वृषभ राशि: वृषभ राशि वालों आज आपका दिन आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन इनोवेटिव रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिल सकता हैं। रिसर्च स्कालर्स के लिए आज का दिन बहुत शुभ है, आज इन्हें डॉक्टरेट की उपाधि मिल जाएगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन की शुरुआत अच्छे मूड से होगी। किसी रुके काम को पूरा करने का आज सही समय है। सिविल इंजीनियर्स के लिए दिन बहुत बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। वैवाहिक रिश्ते मजबूत होंगे, परिवार के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन शांत पूर्ण रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन में कुछ अनोखी सीख मिलेगी। आपकी कड़ी मेहनत से लोग आपसे जरुर प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे।

कन्या राशि: कन्या वालों आज आपका दिन नई उम्मीदों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से अपने लक्ष्य के करीब बढ़ रहे हैं। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा।

तुला राशि: तुला राशि वालों के लिए आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोई नया हुनर सीखने की योजना बनाने वाले हैं। पारिवारिक सदस्य की बहुत महत्वपूर्ण सलाह की मदद से जीवन की कुछ समस्या के हल निकाल पाएंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होने के आसार दिख रहे है। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम शुरू करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद अवश्य लें, रिश्ते में आ रही परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। वर्क-फील्ड में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। किसी कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होने की सम्भावना है। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आ सकता है।

मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

# चिंतन शिविरः साझा दृष्टिकोण के ज़रिए भारत में खेलों के भविष्य को दिशा देना

पुलेला गोपीचंद

दो चिंतन शिविरों का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त करने के बाद, मैं भरोसे के साथ कह सकता हूँ कि यह आज भारतीय खेल जगत की सबसे सामयिक और असरदार पहलों में से एक है। हम अपने राष्ट्र की खेल यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, एक ऐसा मोड़ जहाँ इरादा, निवेश और प्रेरणा अभूतपूर्व रूप से एक साथ मिल रहे हैं।

पिछले एक दशक में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में खेल हाशिये से मुख्यधारा में आ गया है। इसके महत्व के प्रति भी साफ तौर पर राष्ट्रीय जागरूकता देखी जा सकती है, न केवल एक प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव के साधन के रूप में भी। आज, हम एक विशाल और विविध तंत्र देख रहे हैं, जहां राज्य सरकारें, गैर-सरकारी संगठन, निगम, संघ और ज़मीनी स्तर के संस्थान सभी मिलकर खेलों के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

चिंतन शिविर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाता है। खेल अपने आप में कई क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, जिनमें विनिर्माण, मनोरंजन, फिटनेस, मीडिया और शिक्षा शामिल हैं। यह शिविर इन सभी क्षेत्रों को एक साथ लाने में मदद करता है, जिससे एक साझा दृष्टिकोण बनता है, जो दीर्घकालिक सफलता के लिए बेहद ज़रुरी है। यह देश के सामूहिक दृष्टिकोण को सामने लाता है और साथ ही विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, जिससे अनुकरण और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलता है।

चिंतन शिविर महज एक सम्मेलन से कहीं बढ़कर, एक शिक्षण तंत्र है। यह इसमें शामिल होने वाले लोगों को विचारों का आदान-प्रदान करने, चुनौतियों को समझने और मिलकर समाधान विकसित करने का अवसर देता है। यह एक शक्तिशाली प्रेरक के रूप में भी काम करता है, सफलता की तमाम कहानियों को सामने लाता है और इस विचार को और पुख्ता करता है कि भारत में खेल महज़ विशिष्ट पदकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भागीदारी, समावेशिता और राष्ट्र निर्माण भी शामिल है।

फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और साइक्लिंग प्रतियोगिताओं जैसी सामुदायिक गतिविधियों ने खेल के प्रति हमारे नज़रिए को नया रूप दिया है। आज के वक्त में जोर "सभी के लिए खेल" के साथ-साथ, उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता पर है। पदक जीतने की आकांक्षाएं और व्यापक भागीदारी अब अलग-अलग मुद्दे नहीं हैं, बल्कि वे एक ही प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

श्रीनगर में शिविर का आयोजन करने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। इस शहर की शांत सुंदरता न केवल खेलों की विचारधारा के लिए एक मनोरम पृष्ठभूमि प्रदान करती है, बल्कि शांत चिंतन का भाव भी देती है, जो सार्थक संवाद के लिए बेहद ज़रुरी है।

इस चिंतन शिविर का एक अहम केंद्र बिंदु श्रीनगर खेल संकल्प को अपनाना था। यह संकल्प महज़ एक आशय का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि यह एक एकीकृत ढांचा है, जो भारतीय खेल जगत के सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को एक साथ बांधता है। साझा लक्ष्यों, प्राथमिकताओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करके, यह एक ऐसा रोडमैप तैयार करता है, जो विखंडन के बजाय सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

श्रीनगर खेल संकल्प की असली ताकत विभिन्न भागीदारों—सरकारों, संघों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक मंच पर लाने की क्षमता में निहित है। यह इस विचारधारा को और पुख्ता करता है कि भारत के खेल जगत का उत्थान अलग-थलग प्रयासों से नहीं हो सकता।

इसके बजाय, इसे एक समन्वित, सहयोगात्मक दृष्टिकोण से संचालित किया जाना चाहिए, जहां संसाधनों, ज्ञान और विशेषज्ञता को एक साथ लाया जाए।

भारत को 2036 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की अपनी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा को प्राप्त करने के लिए यह समन्वय बेहद महत्वपूर्ण है। विश्व स्तरीय एथलीट तैयार करने के लिए न केवल प्रतिभा की ज़रुरत होती है, बल्कि एक सुचारू तंत्र की भी आवश्यकता होती है, जिसमें जमीनी स्तर पर पहचान, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट कोचिंग, प्रतिस्पर्धा का अनुभव और निरंतर वित्तीय एवं संस्थागत समर्थन शामिल हैं। संकल्प वही रणनीतिक कड़ी है, जो इन सभी तत्वों को एक सुसंगत प्रणाली में जोड़ सकता है।इन वार्ताओं से जो बात सबसे अधिक उभरकर सामने आई है, वह है इस व्यवस्था में मौजूद आशावाद। सभी का यह मानना है कि भारत का खेल भविष्य उज्ज्वल है और सहयोग से हम एक सशक्त, समावेशी और उच्च प्रदर्शन वाली खेल संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं।चिंतन शिविर कई मायनों में एक अनूठा प्रयोग है, लेकिन यह पहले से ही सफल साबित हो रहा है। यह संवाद, समन्वय और आपसी समझ के महत्व को दर्शाता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए, ऐसे मंच न केवल लाभकारी हैं, बल्कि आवश्यक भी हैं।अगर हम वैश्विक खेल मंच पर अपनी महत्वाकांक्षाओं को सही मायने में साकार करना चाहते हैं, तो इन संवादों का जारी रहना और इन्हें सामूहिक कार्रवाई से मदद मिलना भी ज़रुरी है।

श्रीनगर खेल संकल्प हमें वह दिशा प्रदान करता है। चिंतन शिविर हमें वह मंच प्रदान करता है। ये दोनों मिलकर भारत को अपनी खेल संबंधी आकांक्षाओं को स्थायी ओलंपिक सफलता में बदलने के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं।

(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच हैं)

# पानी में चमकीं नोरा फतेही, गोल्डन ड्रेस पहन दिखाया ग्लैमरस अंदाज, फोटोज वायरल



एक्ट्रेस नोरा फतेही ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कई दिलकश तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज में वो ऑल गोल्डन आउटफिट में नजर आ रही हैं. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है.

नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट पोस्ट से सबका ध्यान खींच किया है. उनका ये लुक सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है. एक्ट्रेस फोटोज से सोनपरी से कम नहीं लग रही हैं. नोरा सोने से जड़े आउटफिट में नजर आ रही हैं. फैंस नोरा का ये लुक देख फैंस उनसे नजरे नहीं हटा पा रहे हैं. उन्होंने अपने इस लुक को सटल मेकअप और खुले बालों के साथ पूरा किया है. नोरा ने पानी में जमकर कातीलाना पोज दिए हैं. तस्वीरें शेयर करते हुए नोरा ने लिखा, इस लुक के हम दीवाने हो गए हैं. बता दें, नोरा का ये लुक नए म्यूजिक वीडियो बेबी डॉल का है. जिसे हनी सिंह ने बनाया है. वहीं, नोरा फतेही पिछले कुछ दिन पहले कन्नड़ फिल्म केडी: द डेविल के गाने सरके चुनर को लेकर हुए विवाद में फंसी थीं.

# वेलकम टू द जंगल टीजर रिलीज, सितारों की टोली के साथ अक्षय कुमार ने लगाया कॉमेडी का तड़का

इंतजार खत्म हुआ! जिस कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल की झलक देखने का फैंस को बेसब्री से इंतजार था, उसका ऑफिशियल टीजर लॉन्च हो गया है. यह टीजर बड़े पर्दे पर वह मैडनेस, कन्फ्यूजन और कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए आ गया है. पुरानी यादों, जाने-पहचाने चेहरों और अपनी खास कॉमिक से भरा यह टीजर एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर होने का वादा करता है.



अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर वेलकम टू द जंगल का टीजर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, पागलपन का स्वागत है, हंसी-मजाक का स्वागत है, इस अतरंगी उथल-पुथल का स्वागत है, वेलकम यूनिवर्स के सबसे तूफानी चैप्टर का स्वागत है. वेलकम टू द जंगल का टीजर अब आ गया है. तो फिर, 26 जून 2026 से सिनेमाघरों में इस धमाल की शुरुआत होने दीजिए.1 मिनट 30 सेकंड के टीजर की शुरुआत एक डिसक्लेमर के साथ होती है, जिसमें बताया गया है कि इस फिल्म में किसी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया है. इस डिस्क्लेमर में खिलाड़ी कुमार ने अपना कॉमिक भी डाला है. इसके बार इंडिया बॉर्डर का एक सीन दिखाया जाता है, जहां, कुछ शरणार्थी बॉर्डर पार करके आते हैं.इसके बाद फेक फिल्म की शूटिंग की झलक दिखाई जाती है, जहां परेश रावल एक्शन बोलते हैं. इसके बाद अक्षय कुमार की एंट्री दिखाई गई है. फिर सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, दिशा पटानी, तुषार कपूर झलक दिखाई जाती है. दर्शकों को रियल जंगल से रूबरू कराया जाता है. इस बीच सभी सितारों की एक-एक झलक देखने को मिलती है.टीजर में एक सीन आता है, जहां सुनील शेट्टी अक्षय कुमार पर फायरिंग करते हैं. इस दौरान सुनील शेट्टी ने एक लाइन, अबे तू मरता क्यों नहीं? इस पर अक्षय कुमार कहते हैं, मैं मरने में जान डाल रहा हूं. फिर सुनील कहते हैं,  अरे, मरने में कोई जान डालता है क्या?. ये लाइन ऑनलाइन दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है.

# अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने मशहूर इंटरनेशनल डांस शो को कहा अलविदा, लिखा- एक युग का अंत



अमेरिकी मूल का मशहूर अंतरराष्ट्रीय डांस रियलिटी शो सो यू थिंक यू कैन डांस अपने 18 सीजन के बाद आधिकारिक तौर पर बंद होने जा रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने शो के खत्म होने का दुख जाहिर करते हुए एक पोस्ट शेयर की। दरअसल, अभिनेत्री लॉरेन ने सो यू थिंक यू कैन डांस सीजन 3 से प्रसिद्धि हासिल की थी, जिस वजह से यह शो उनके बेहद करीब है। अभिनेत्री ने शो के दौरान का पुराना वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। अभिनेत्री ने शो के बंद होने को एक दौर का अंत बताया। उन्होंने लिखा, सो यू थिंक यू कैन डांस 18 सीजन के बाद खत्म हो गया है। साल 2007 में मैं शो में गई थी। उस समय मैं महज 18 साल की लड़की थी और एरिजोना से उस शो में डांस के लिए गई थी। तब मैंने सोचा भी नहीं था कि यह शो मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल देगा। मैं बस अपने सीजन का हिस्सा होने के बाद कई बार ऑल-स्टार सीजन्स में वापस आती रही थी। इतने सालों में यह शो मेरे लिए दूसरे घर जैसा था।अभिनेत्री ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि यह शो उनके करियर को इतनी बड़ी दिशा देगा। उन्होंने लिखा, यह शो उस समय पूरी दुनिया में देखा जाता था, जिस वजह से रेमो डिसूजा ने मुझे देखा और अपनी फिल्म एबीसीडी के लिए चुना और बस डांस की वजह से मेरी एक ग्लोबल यात्रा शुरू हो गई।उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए लिखा, 19 साल बाद ऐसे पल आते हैं, जो दिल को छू लेते हैं। दो दिन पहले ही एक फ्लाइट अटेंडेंट ने मुझे रोककर कहा था कि सो यू थिंक यू कैन डांस के समय मैं उन्हें बहुत पसंद थी। डांस भाषा, सरहदों और हर उस दीवार से ऊपर होता है जो हमें अलग करने की कोशिश करती है। डांस सीधे दिल तक पहुंचता है और यही काम इस शो ने दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ किया।

उन्होंने शो से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, कास्ट, क्रू, कोरियोग्राफर्स, जजेस, हमारे माता-पिता और सभी फैंस, आप सभी का शुक्रिया। उन यादों और उन पलों के लिए धन्यवाद, जिन्होंने हमारी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

## 3 इडियट्स 2 पर आमिर खान ने शुरू किया काम, सीक्वल में दिखेगा नया ट्विस्ट



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने जब से 3 इडियट्स 2 की पुष्टि की है, तब से फैंस इसके अपडेट के बारे में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब खबर आई है कि आमिर खान ने 2009 की फिल्म 3 इडियट्स के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है.

बॉलीवुड के मेगास्टार आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स का सीक्वल आने की खबर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था. आईएएनएस को एक सूत्र ने बताया है कि आमिर खान ने 2009 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया हैय

यह प्रोजेक्ट अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है, और यह पक्का हो गया है कि ओरिजिनल तिकड़ी यानी आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में अपनी पुरानी भूमिकाएं दोहराते हुए नजर आएंगे. सूत्र ने आगे बताया कि सीक्वल में एक बड़ा टाइम लीप देखने को मिलेगा, जिसका मतलब है कि किरदार अब जिंदगी के उसी पड़ाव पर नहीं होंगे, जिस पर वे 2009 की फिल्म में थे.

दिलचस्प बात यह है कि इस प्रोजेक्ट से जुड़ा सबसे बड़ा ट्विस्ट इसकी टाइमलाइन है. जहां एक तरफ टाइम लीप की बात पक्की हो गई है, वहीं यह अभी भी साफ नहीं है कि कहानी ओरिजिनल फिल्म की घटनाओं से पहले की होगी या बाद की.

# माधुरी दीक्षित-तृप्ति डिमरी की फिल्म मां बहन का टीजर जारी, रिलीज तारीख भी आई

माधुरी दीक्षित ने बीते दिनों अपनी सीरीज मिसेज देशपांडे में कमाल का एक्शन दिखाया था और खूब तारीफें बटोरी थीं। अब माधुरी एक बार फिर ओटीटी पर फिल्म लेकर आ रही हैं। इस फिल्म का नाम है मां बहन और ये फिल्म 4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो जाएगी। मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर कर इसका खुलासा किया है। यह घोषणा माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर की गई और नेटफ्लिक्स ने फिल्म की पहली झलक जारी की। इस पोस्ट को कैप्शन के साथ साझा किया गया, धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 4 जून को रिलीज हो रही मां बहन सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।




सुरेश त्रिवेनी की फिल्म मां बहन एक अव्यवस्थित मां-बेटी की तिकड़ी रेखा, जया और सुषमा की कहानी है, जिनके जीवन में उस समय उथल-पुथल मच जाती है जब अचानक उनकी रसोई में एक शव मिलता है। सच को छिपाने की कोशिश में, परिवार झूठ, दहशत और दखल देने वाले पड़ोसियों के बीच उलझ जाता है, जो एक तेज-तर्रार कॉमेडी बन जाती है। फिल्म में माधुरी दीक्षित रेखा की भूमिका में हैं, साथ ही तृप्ति डिमरी और धरना दुर्गा उनकी बेटियों के रूप में हैं। रवि किशन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। कलाकारों में गीतांजलि कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज शामिल हैं। अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट और ओपनिंग इमेज फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म को विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेनी का समर्थन प्राप्त है। कहानी सुरेश त्रिवेनी और पूजा तोलानी ने लिखी है, जिन्होंने पटकथा और संवाद भी लिखे हैं।

फिल्म में माधुरी दीक्षित और पूजा तोलानी ने ही पटकथा और संवाद लिखे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ विक्रम मल्होत्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मां बहन एक ऐसी कहानी है जो अपने साहसिक विचार से आपको बांधे रखती है और अपनी भावनात्मक सच्चाई के कारण लंबे समय तक आपके दिलों में बसी रहती है। अराजकता और हास्य के नीचे, परिवार, समाज और इस भेदभावपूर्ण दुनिया में जीवित रहने के लिए लोगों द्वारा किए जाने वाले विकल्पों की एक गहरी मानवीय कहानी छिपी है।

## राजा शिवाजी का बॉक्स ऑफिस पर जलवा, दूसरी सबसे कमाऊ मराठी फिल्म बनी

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की ऐतिहासिक फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने सफलतापूर्वक बॉक्स ऑफिस पर 14 दिन पूरे कर लिए हैं और मराठी संस्करण में तहलका मचा दिया है। अनुमानित 90 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार करते हुए ये मराठी सिनेमा की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है। हालांकि हिंदी संस्करण में भी फिल्म की कमाई लगातार जारी है। चलिए एक नजर डालते हैं, इसकी ताजा कमाई पर।

सैकनिल्क के मुताबिक, राजा शिवाजी ने रिलीज के 14वें दिन, यानी गुरुवार को 1.90 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें हिंदी संस्करण से 50 लाख और मराठी संस्करण से 1.40 करोड़ रुपये की कमाई शामिल है। फिल्म ने अब तक कुल 76.95 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म का अब तक का अनुमानित कुल ग्रॉस कलेक्शन 90.10 करोड़ रुपये है। इन आंकड़ों के साथ राजा शिवाजी मराठी फिल्मों में दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है।

# अपने कुत्ते को घर के अंदर खुश रखने के लिए आजमाएं ये 5 आसान तरीके

कुत्ते हमारे सबसे अच्छे दोस्त होते हैं और उन्हें खुश रखना हर मालिक की प्राथमिकता होती है। खासकर जब कुत्ते घर के अंदर ही रहते हैं तो उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखना जरूरी हो जाता है। इस लेख में हम कुछ आसान और प्रभावी तरीकों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आप अपने कुत्ते को घर के अंदर खुश और स्वस्थ रख सकते हैं। इन तरीकों से आपका कुत्ता सक्रिय रहेगा और उसका मनोबल भी ऊंचा रहेगा।

### खेल-कूद का समय निर्धारित करें

अपने कुत्ते के लिए रोजाना खेल-कूद का समय तय करें। यह न केवल उसके शरीर के लिए अच्छा है बल्कि दिमाग को भी सक्रिय रखता है। आप उसके साथ गेंद खेल सकते हैं, उसे दौड़ा सकते हैं या फिर उसके साथ कोई और खेल खेल सकते हैं। इससे उसका ऊर्जा स्तर बना रहेगा और वह खुश रहेगा। इसके अलावा आप उसके साथ कुछ नई गतिविधियां भी आजमा सकते हैं, जैसे कि बाधा कोर्स या पहेली खेल।



### सीखने का समय निर्धारित करें

अपने कुत्ते को नई चीजें सिखाना उसके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। आप उसे बैठना, लेटना, घुमना आदि आदेश सिखा सकते हैं। इसके अलावा आप उसे कुछ खास कलाएं भी सिखा सकते हैं जैसे कि गोल-गोल घूमना। यह न केवल उसके दिमाग को सक्रिय रखता है बल्कि उसे आपकी बात मानने की आदत भी डालता है। नियमित सीखने का समय उसके आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उसे अधिक अनुशासित बनाता है।

### मानसिक चुनौतियां दें

अपने कुत्ते को मानसिक चुनौतियां देना बहुत जरूरी है ताकि वह बोर न हो और उसका मनोबल ऊंचा बना रहे। आप उसे पहेली खिलौने दे सकते हैं जिनमें उसे खाने के लिए छिपे हुए टुकड़े ढूंढने होते हैं या फिर बाधा कोर्स में दौड़ा सकते हैं। इसके अलावा आप उसे अलग-अलग सुगंध पहचानने का खेल भी सिखा सकते हैं जिससे उसकी मानसिक क्षमता बढ़ती है। इन गतिविधियों से उसका ध्यान केंद्रित रहता है और वह खुश रहता है।

### सही खाना दें

कुत्ते का खाना भी उसकी खुशी में अहम भूमिका निभाता है। उसे संतुलित खाना देना बहुत जरूरी है जिसमें प्रोटीन, विटामिन्स और खनिज शामिल हों। इसके अलावा पानी की पर्याप्त मात्रा देना भी जरूरी है ताकि वह हाइड्रेटेड रहे। कभी-कभी उसे विशेष खाने की चीजें भी दें जैसे कि सब्जियां या फल, जो उसके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हों। समय-समय पर पशु चिकित्सक से उसकी सेहत की जांच करवाते रहें ताकि किसी प्रकार की समस्या समय रहते पता चल सके।

### आरामदायक जगह बनाएं

अपने कुत्ते के लिए आरामदायक जगह बनाना बहुत जरूरी है जहां वह आराम से बैठ सके या सो सके। यह जगह शांत होनी चाहिए ताकि वह बिना किसी विघ्न के आराम कर सके। वहां उसकी पसंदीदा खिलौने रखें ताकि वह जब चाहे खेल सके। इन सरल तरीकों से आप अपने प्यारे दोस्त को घर पर ही खुश और स्वस्थ रख सकते हैं। याद रखें, आपका कुत्ता आपका सबसे अच्छा दोस्त है, उसकी देखभाल करना आपका कर्तव्य बनता है।

# गुस्से को नियंत्रित करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, मिलेगी राहत



गुस्सा एक सामान्य मानवीय भावना है, लेकिन इसे नियंत्रित करना जरूरी है। अक्सर हम बिना सोचे-समझे अपने गुस्से का सामना करते हैं, जिससे हमारे रिश्ते खराब हो सकते हैं और हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने गुस्से को नियंत्रित कर सकते हैं और एक शांत और संतुलित जीवन जी सकते हैं।

### गहरी सांस लें

जब भी आपको गुस्सा आए तो सबसे पहले गहरी सांस लें। यह तरीका आपके दिमाग को शांत करने में मदद करता है और आपके विचारों को साफ करता है। गहरी सांस लेने से आपके शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे आपका मन शांत होता है और आप स्थिति को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। इसके अलावा गहरी सांस लेने से आपका तनाव भी कम होता है और आप अधिक शांत महसूस करते हैं।

### खुद को समय दें

गुस्सा आने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। पहले खुद को थोड़ा समय दें ताकि आप स्थिति को सही तरीके से समझ सकें। उदाहरण के लिए अगर आप किसी बात पर गुस्सा हो रहे हैं तो थोड़ी देर के लिए वहां से हट जाएं या किसी अन्य काम में लग जाएं। इससे आपका मन शांत होगा और आप बेहतर निर्णय ले सकेंगे। इस तरह आप बिना किसी जल्दबाजी के स्थिति को संभाल सकते हैं।

### सकारात्मक सोच अपनाएं

गुस्सा आने पर नकारात्मक विचार आते हैं, जो आपकी स्थिति को और खराब कर सकते हैं। कोशिश करें कि आप सकारात्मक सोचें और उन चीजों पर ध्यान दें, जो आपको खुश करती हैं या जिनसे आपको प्रेरणा मिलती है। उदाहरण के लिए अगर आपका कोई साथी आपके साथ गलत व्यवहार कर रहा है तो उसके बजाय उन लोगों की सराहना करें, जो आपके साथ अच्छा व्यवहार करते हैं या अपनी पसंदीदा गतिविधियों में व्यस्त रहें।

### शारीरिक गतिविधियां करें

शारीरिक गतिविधियां जैसे कि दौड़ना, साइकिल चलाना या योग करना आपके शरीर में एक खास प्रकार का हार्मोन रिलीज करते हैं, जो आपके मूड को बेहतर बनाते हैं। इसके अलावा नियमित व्यायाम करने से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। इससे आपका तनाव भी कम होता है और आप अपने गुस्से को बेहतर तरीके से संभाल पाते हैं। शारीरिक गतिविधियों से आपका मन शांत रहता है और आप सकारात्मक महसूस करते हैं।

### बातचीत करें

अगर किसी वजह से आपका गुस्सा बढ़ रहा है तो बेहतर होगा कि आप उस व्यक्ति से खुलकर बात करें, जिससे आपको समस्या है। अपनी भावनाओं को साफ-साफ शब्दों में व्यक्त करें ताकि गलतफहमियां दूर हों और स्थिति बेहतर हो सके। इससे न केवल आपका गुस्सा कम होगा बल्कि आपके रिश्ते भी मजबूत होंगे। इस तरह आप बिना किसी विवाद के अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और अपने मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकते हैं।

# ट्रंप की हत्या पर मिलेगा 50 मिलियन यूरो, ईरानी संसद में पेश होगा प्रस्ताव

### *रिपोर्ट में दावा- अजीजी ने की काउंटर-एक्शन योजना तैयार करने की घोषणा*



तेहरान,(ए.)। ईरानी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक खबर ने सबका ध्यान खींचा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नामक योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है।

इस मसौदे में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के लिए 50 मिलियन यूरो का इनाम देने का प्रस्ताव शामिल है अजीजी ने कहा कि ट्रंप, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर को काउंटर-एक्शन के लिए टारगेट किया जाना चाहिए। अजीजी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या में इनकी भूमिका की वजह से उन्हें टारगेट करने की बात कही। सरकार के सपोर्टर अली अकबर ने पहले दावा किया था कि "किल ट्रंप" नाम के कैंपेन के लिए 50 मिलियन डॉलर के वित्तीय रिसोर्स सुरक्षित कर लिए गए हैं।

एक हैकिंग ग्रुप ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि समूह ने ट्रंप और नेतन्याहू को खत्म करने के लिए 50 मिलियन डॉलर दिए। यह भी दावा किया गया कि यह रकम किसी भी ऐसे व्यक्ति या ग्रुप को दी जाएगी जो असल कार्रवाई करेगा। उनके कम्युनिकेशन और फाइनेंशियल चैनल एन्क्रिप्शन और एनोनिमाइजेशन टेक्नोलॉजी से सुरक्षित हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अजीजी ने सरकारी टीवी को बताया कि मार्च में युद्ध शुरू होने के बाद से सांसदों ने कई बिल तैयार किए हैं, जिनमें से एक सैन्य और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई पर है।

अजीजी ने कहा कि हमारा मानना है कि ट्रंप, नेतन्याहू और सेंटकॉम कमांडर को निशाना बनाया जाना चाहिए और उन पर जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारा अधिकार है। जैसे हमारे इमाम शहीद हुए, वैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ भी किसी भी मुस्लिम या आजाद इंसान को पेश आना चाहिए। अजीजी ने कहा कि प्रस्तावित बिल में यह तय किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस मिशन को अंजाम देता है, तो सरकार उसे इनाम के तौर पर 50 मिलियन यूरो देगी।

## अमेरिका ने आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े नेता अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े नेता अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी जानकारी दी है। ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी और नाइजीरियाई सेना ने संयुक्त अभियान में ये सफलता पाई। ट्रंप ने कहा, आज रात मेरे निर्देश पर बहादुर अमेरिकी और नाइजीरिया की सशस्त्र सेनाओं ने दुनिया के सबसे



सक्रिय आतंकवादी को खत्म करने के लिए बहुत ही बारीकी से नियोजित और बेहद जटिल मिशन को पूरी तरह से सफल बनाया।

ट्रंप ने कहा, अल-मिनुकी को लगा था कि वह अफ्रीका में छिप सकता है, लेकिन उसे अंदाजा नहीं था कि हमारे पास ऐसे सूत्र थे जो हमें लगातार यह जानकारी दे रहे थे कि वह क्या कर रहा है। अब वह न तो अफ्रीका के लोगों को आतंकित करेगा, और न अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले अभियानों की योजना बनाने में मदद करेगा। इस ऑपरेशन में हमारे साथ साझेदारी के लिए हम नाइजीरिया की सरकार का धन्यवाद करते हैं।अल-मिनुकी को अबू बक्र इब्न मुहम्मद इब्न अली अल-मिनुकी के नाम से भी जाना जाता था। वो आईएसआईएस में वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर का नेता था। अल-मिनुकी मुख्य रूप से अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में सक्रिय था। वह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस के वरिष्ठ कमांडर के रूप में कार्यरत था और आईएसआईएस के जनरल डायरेक्टोरेट ऑफ प्रोविंसेस के लेक चाड डिवीजन के संचालन का निर्देशन करता था।

## ईरान पर बड़े पैमाने का हमला करने की योजना बना रहे ट्रंप

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर नया और जोरदार हमला करने की योजना बना रहे हैं। सूत्रों ने अपनी रिपोर्ट में ये दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप और उनके शीर्ष सहयोगी कूटनीतिक प्रयास बाधित रहने की स्थिति में ईरान पर हवाई हमले फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हाल ही में चीन से लौटते समय ट्रंप ने ईरान का शांति प्रस्ताव भी खारिज कर दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन हर तरह की संभावित स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है। सैन्य योजनाकार युद्धविराम के बाद ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को संभावित रूप से फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट में मध्य पूर्व के 2 अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका और इजरायल की सेनाएं वर्तमान में अपनी सबसे बड़ी संयुक्त तैयारियों में लगी हुई हैं और अगले हफ्ते की शुरुआत में संभावित हमलों के लिए तैयार हो रही हैं।

हाल ही में चीन दौरे के दौरान ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच ईरान को लेकर चर्चा हुई थी। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि अमेरिका-चीन इस बात पर सहमत हैं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने कहा, ईरान के बारे में उनका मत है कि उनके पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। उन्होंने यह बात दृढ़ता से कही है कि उनके पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। वे चाहते हैं कि ईरान होर्मुज खोल दे।जिनपिंग से मुलाकात के बाद ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अपने रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान की परमाणु गतिविधियों को स्थायी रूप से बंद करने की मांग करने के बजाय 20 साल के सत्यापित निलंबन को स्वीकार कर सकता है।

## तुम्हारी रिपोर्टिंग देशद्रोह जैसी, मीडिया सच को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा

### ट्रम्प ईरान युद्ध को लेकर पूछे गए एक सवाल पर पत्रकार पर भड़क गए

वाशिंगटन,(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध को लेकर पूछे गए एक सवाल पर पत्रकार पर भड़क गए। प्रेस वार्ता में ट्रम्प ने रिपोर्टर की आलोचना करते हुए उसकी रिपोर्टिंग को "देशद्रोह" बता दिया और कहा कि मीडिया सच को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है। दरअसल अमेरिका के एक वरिष्ठ पत्रकार डेविड सेंगर ने ट्रम्प से सवाल किया था कि यदि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ "पूरी सैन्य जीत" हासिल कर ली है, तो फिर अमेरिका अपने राजनीतिक लक्ष्य हासिल क्यों नहीं कर पाया और सैन्य कार्रवाई अब तक क्यों जारी है।इस सवाल पर ट्रम्प भड़क गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ पूरी तरह सफल सैन्य अभियान चलाया है और यह बात हर कोई जानता है। ट्रम्प ने पत्रकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिर्फ आप जैसे लोग ही सच नहीं लिखते। इसके बाद ट्रम्प ने रिपोर्टर पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह आप लिखते हैं, वह देशद्रोह जैसा है। आपके एडिटर आपको जो लिखने के लिए कहते हैं, आप वही लिखते हैं। आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान के बाद अमेरिकी मीडिया और राजनीतिक हलकों में बहस छिड़ गई। आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति का इस तरह पत्रकारों पर हमला करना प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ है, जबकि उनके समर्थकों का मानना है कि मीडिया प्रशासन की उपलब्धियों को सही तरीके से पेश नहीं करता।

## जिनपिंग भी चाहते हैं ईरान के पास न हो परमाणु हथियार और खुले होर्मुज, चीन से लौटने के बाद ट्रंप का बड़ा दावा



वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हो गए हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते और होर्मुज स्ट्रेट को खोला जाना चाहिए.राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन के अपने तीन दिन के सरकारी दौरे के दौरान अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात की, जहां उन्होंने चल रहे पश्चिम एशिया विवाद और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की. चीन से निकलने के बाद एयर फ़ोर्स वन में रिपोर्टरों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, होर्मुज स्ट्रेट को कंट्रोल करता है, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इस इलाके में अमेरिका की नौसेना नाकाबंदी की वजह से पिछले ढाई हफ्तों में ईरान को हर दिन 500 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है. मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूँ.

उन्होंने कहा, ईरान के बारे में उन्हें पक्का यकीन है कि उनके पास न्यूक्लियर वेपन नहीं हो सकता. उन्होंने बहुत पक्का कहा, उनके पास न्यूक्लियर वेपन नहीं हो सकता और वह चाहते हैं कि वे स्ट्रेट खोल दें लेकिन जैसा उन्होंने कहा, वे इसे बंद करते हैं और आप उन्हें बंद करते हैं. और यह सच है, हम स्ट्रेट को कंट्रोल करते हैं, और उन्होंने (ईरान) पिछले ढाई हफ्तों में कोई बिजनेस नहीं किया है, जो लगभग 500 मिलियन डॉलर हर दिन है.प्रेसिडेंट ट्रंप ने आगे कहा, चीन के प्रेसिडेंट शी जिनपिंग ताइवान में आजादी की लड़ाई नहीं देखना चाहते क्योंकि इससे बहुत बड़ा टकराव होगा. हमारा ठहरना बहुत अच्छा रहा. यह एक कमाल का समय था. राष्ट्रपति जिनपिंग एक कमाल के इंसान हैं. राष्ट्रपति जिनपिंग और मैंने ताइवान के बारे में बहुत बात की.उन्हें लगता है कि वे जो कर रहे हैं, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं हो सकता. वे जो कर रहे हैं, वह उसके बहुत खिलाफ हैं. हमने ताइवान और ईरान के बारे में बहुत बात की और मुझे लगता है कि दोनों पर हमारी बहुत अच्छी समझ है. ताइवान के बारे में वह आजादी की लड़ाई नहीं देखना चाहते क्योंकि इससे बहुत बड़ा टकराव होगा.

## स्पेस-एक्स की 12 जून तक नैस्डैक पर आईपीओ लॉन्च की योजना

वाशिंगटन,(आरएनएस)। एलन मस्क की रॉकेट और सैटेलाइट निर्माता कंपनी स्पेस-एक्स 12 जून को अपने शेयर सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है। उसने अपने इस भव्य शेयर बाजार शुभारंभ के लिए नैस्डैक को ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में चुना है। पिछले कई सालों में सबसे बहुप्रतीक्षित लिस्टिंग में से एक है। इसके इस साल के व्यस्त आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) कैलेंडर में सबसे प्रमुख होने की उम्मीद है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियां एंथ्रोपिक और ओपनएआई भी शामिल हो सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एसपीसीएक्स स्टॉक सिंबल (टिकर) के तहत शेयर बाजार में कारोबार करने के लिए तैयार कंपनी ने अपने आईपीओ की समय सीमा को तेज कर दिया है। अब अगले बुधवार को अपना प्रॉस्पेक्टस सार्वजनिक करने का लक्ष्य रखा है, साथ ही 4 जून को रोड शो लॉन्च करने और 11 जून को शेयर बिक्री शुरू करने की योजना है। सूत्रों ने बताया कि पहले आईपीओ जून के अंत में मस्क के जन्मदिन के आस-पास लाने का लक्ष्य था।

रिपोर्ट में पहले बताया था कि मस्क की यह कंपनी लगभग 1,750 अरब डॉलर (करीब 1.6 लाख अरब रुपये) के मूल्यांकन पर लगभग 75 अरब डॉलर (करीब 7,000 अरब रुपये) जुटाने का लक्ष्य रख रहा है।

# खेल समाचार

## लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम चेन्नई सुपरकिंग्सः मिचेल मार्श तीसरा आईपीएल शतक जड़ने से चूके, बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली,(आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (90) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 11 और चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 21 गेंदों में पूरा किया। उनकी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ी। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

लखनऊ सुपर जायंट्स को 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश (36) की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही 86 रन जोड़ दिए। इसके बाद भी दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले मार्श ने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 38 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों से 90 रन बनाकर आउट हुए।

मार्श पावरप्ले के बाद 22 गेंदों पर 56 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके साथ ही वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में चौथा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सूची में इंग्लिश (77* बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स, 2026) पहले, मार्श (60* बनाम एमआई, 2025) दूसरे, मार्श (58* बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 2026) तीसरे नंबर पर हैं। इसी तरह वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में 3 बार 50+ स्कोर बनाने में वाले एकमात्र बल्लेबाज भी है।

## दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला, प्लेऑफ पर निगाहें




नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का 62वां मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक हाई-वोल्टेज टक्कर साबित होने जा रहा है। यह रोमांचक मैच अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में खेला जाएगा, जिसकी शुरुआत रविवार रात 7:30 बजे स्थानीय समय के अनुसार होगी। प्लेऑफ की दौड़ जैसे-जैसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच रही है, वैसे-वैसे यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम हो गया है।दिल्ली कैपिटल्स का यह सीजन अब तक मिला-जुला रहा है। टीम ने कुछ मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का परिचय दिया है, लेकिन लगातार उतार-चढ़ाव और अहम मौकों पर मिली हारों ने उनकी स्थिति को कमजोर किया है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा टीम को जरूर मिलेगा, लेकिन साथ ही दर्शकों की उम्मीदों और प्लेऑफ की बढ़ती दबाव भी खिलाड़ियों पर भारी पड़ सकता है। कप्तान और मध्यक्रम के बल्लेबाजों की भूमिका इस मैच में निर्णायक रहने वाली है, जिन्हें बड़ी साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाना होगा।वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स ने इस सीजन अपने संतुलित प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है। टीम का शीर्ष क्रम लगातार रन बना रहा है, जिससे उन्हें मजबूत शुरुआत मिल रही है। इसके अलावा गेंदबाजी इकाई ने खासकर डेथ ओवर्स में शानदार नियंत्रण दिखाते हुए कई करीबी मुकाबलों को अपने पक्ष में किया है। राजस्थान रॉयल्स इस मैच को जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।दोनों टीमों के बीच मुकाबलों का इतिहास हमेशा से ही बेहद रोमांचक रहा है। आईपीएल के पिछले सीजनों में दिल्ली और राजस्थान के बीच कई ऐसे मैच देखने को मिले हैं, जिनका फैसला अंतिम ओवरों में हुआ है। यही वजह है कि इस बार भी क्रिकेट फैंस एक कांटे की टक्कर और संभवत: हाई-स्कोरिंग मैच की उम्मीद कर रहे हैं। दोनों टीमों की वर्तमान फॉर्म को देखते हुए किसी भी टीम को स्पष्ट रूप से कमजोर नहीं माना जा सकता। अंक तालिका की स्थिति को देखते हुए यह मुकाबला प्लेऑफ की तस्वीर पर भी बड़ा असर डाल सकता है। जीतने वाली टीम न केवल महत्वपूर्ण अंक हासिल करेगी बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे के मैचों में प्रवेश करेगी। वहीं हारने वाली टीम के लिए आगे की राह और कठिन हो सकती है। यह मुकाबला कल रात 7:30 बजे से अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकेट प्रेमियों की नजरें इस रोमांचक भिड़ंत पर टिकी रहेंगी, जहां हर गेंद मैच का रुख बदलने की क्षमता रखती है।

दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स संभावित खिलाड़ीः

### दिल्ली कैपिटल्स संभावित खिलाड़ी

अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, नितीश राणा, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, दुश्मंथा चमीरा, विप्रज निगम, मुकेश कुमार, ऑकिब नबी, माधव तिवारी।

### राजस्थान रॉयल्स संभावित खिलाड़ी

रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल, शिमरॉन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन।

## मिशेल मार्श के 90 रनों की बदौलत लखनऊ ने चेन्नई को 7 विकेट से दी मात

नईदिल्ली,(ए)। मिशेल मार्श के 38 गेंदों पर तूफानी 90 रन और निकोलस पूरन के आखिर में लगातार 4 छक्कों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से करारी शिक्स्त दे दी.लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने 187/5 का स्कोर खड़ा किया था, जिसमें कार्तिक शर्मा के टी20 करियर के सर्वश्रेष्ठ 71 रन और शिवम दुबे के नाबाद 32 रनों का अहम योगदान रहा. लेकिन मार्श और जोश इंग्लिस ने 135 रनों की ओपनिंग साझेदारी करके शुरुआत से ही मैच का माहौल अपने पक्ष में कर लिया.मार्श ने 236.84 के चौंका देने वाले स्ट्राइक रेट से नौ चौके और सात छक्के जड़े. हालांकि, एक दुर्भाग्यपूर्ण रन-आउट ने उन्हें शानदार शतक बनाने से महज दस रन पहले ही रोक दिया.उनके, इंग्लिस और अब्दुल समद के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद, पूरन ने कुछ जोरदार शॉट लगाते हुए सिर्फ 17 गेंदों में 32 रन ठोक दिए. उन्होंने एक चौका और चार छक्के जड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 गेंदें शेष रहते ही जीत दिला दी, और साथ ही चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी जोरदार झटका दिया.मार्श ने सिर्फ 21 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, इंग्लिस ने 32 गेंदों में 36 रन बनाकर उनका बखूबी साथ निभाया, लेकिन अंततः मुकेश की गेंद पर आउट हो गए. ठीक अगली ही गेंद पर, मार्श भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हो गए, पूरन के सीधे शॉट को नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़े मुकेश ने हल्के से छू दिया, जिससे गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई और मार्श 90 रनों के स्कोर पर रन-आउट हो गए.

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ने जड़ा महिला टी20आई का सबसे तेज अर्धशतक, भारतीय बल्लेबाज का टूटा रिकॉर्ड

नईदिल्ली, (ए)। पाकिस्तान महिला टीम के कप्तान फातिमा सना ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने 15 गेंद में फिफ्टी जड़ कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. सना ने ये उपलब्धि कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे ञ्20ढ्ढ मैच के दौरान हासिल की.

इसके साथ 24 साल की सना ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18-18 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई थी.

सना की जबरदस्त पारी से पहले, टी20आई में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में यह कारनामा किया था.

इसके अलावा सना ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली. उन्होंने 2022 में वारविकशायर के लिए मैरी केली और इसी साल न्यूजीलैंड के सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ओटागो के लिए लॉरा हैरिस की उपलब्धि की बराबरी की.

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. फातिमा सना सिर्फ 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं. अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए. इसकी बदौलत पाकिस्तान का स्कोर 4 विकेट पर 223 रन तक पहुंच गया. यह महिला टी20आई में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले इसी सीरीज में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे. जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 17.1 ओवर में ही 90 रनों पर ढेर हो गई. जिसके साथ पाकिस्तान ने मैच को 133 रनों से अपने नाम कर लिया.

### पाकिस्तान के लिए सबसे तेज फिफ्टी

2026 सना की फॉर्म अविश्वसनीय रही है. वह इस साल महिलाओं के टी20आई में पाकिस्तान की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं. उन्होंने पांच पारियों में 229 रन बनाए हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 206.30 का है. उन्होंने इसी साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 41 गेंदों में 90 रन बनाकर टी20आई में अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया था.

## बुमराह की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की बदली तस्वीर : कृष्णमाचारी श्रीकांत




### टीम ज्यादा एकजुट दिखी

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने बड़ा बयान दिया है। श्रीकांत का कहना है कि जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में टीम का माहौल और प्रदर्शन दोनों बदले हुए नजर आए और खिलाड़ी ज्यादा एकजुट दिखाई दिए। इस सीजन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम की कप्तानी कभी हार्दिक पांड्या तो कभी सूर्यकुमार यादव के हाथों में रही, लेकिन लगातार अस्थिरता के कारण टीम लय नहीं पकड़ सकी। हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ जब टीम की कमान जसप्रीत बुमराह ने संभाली, तो टीम का रवैया पूरी तरह अलग नजर आया। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि बुमराह को कप्तानी देना एक सही फैसला साबित हुआ। उनके अनुसार मैच के दौरान खिलाड़ियों का मूड हल्का था और टीम में नई ऊर्जा दिखी। उन्होंने कहा कि भले ही सूर्यकुमार यादव उस मुकाबले में निजी कारणों से नहीं खेले, लेकिन मैदान पर उतरी टीम पहले से ज्यादा संतुलित और आत्मविश्वासी नजर आई।

श्रीकांत ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने दीपक चाहर, राज अंगद बावा, तिलक वर्मा और रयान रिकेल्टन के योगदान को अहम बताया। खासतौर पर रयान रिकेल्टन की आक्रामक शुरुआत और तिलक वर्मा की जिम्मेदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि बुमराह कप्तानी करते समय बेहद शांत और मुस्कुराते हुए नजर आए, जिसका सकारात्मक असर गेंदबाजों पर पड़ा। उनके अनुसार बुमराह ने गेंदबाजों को आत्मविश्वास दिया, जिससे दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज ज्यादा अनुशासित नजर आए और रन लुटाने से बचे। मुंबई इंडियंस ने इस मुकाबले में 200 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। हालांकि यह जीत टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं थी, लेकिन इसने पंजाब किंग्स की मुश्किलें जरूर बढ़ा दीं। यह पंजाब की लगातार पांचवीं हार रही, जिससे उनकी प्लेऑफ की राह और कठिन हो गई है। श्रीकांत के इस बयान के बाद मुंबई इंडियंस के टीम संयोजन और कप्तानी रणनीति को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है।

## नगरीय निकाय एवं पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की बैठक आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले से उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती नीता कोरी सहित सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। आयोग द्वारा पुनरीक्षण कार्य की पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 से संबंधित समस्त कार्य आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं समय-सीमा के अनुसार गंभीरता एवं तत्परता से संपादित किए जाएं।

## अवैध कोयला भंडारण एवं मिट्टी उत्खनन पर प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम केसला तहसील इटारसी में कोयले के अवैध भंडारण किए जाने की शिकायत पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम केसला स्थित निजी भूमि के आंशिक भाग पर 3.10 टन कोयले का अवैध भंडारण पाया गया। संबंधित कोयले को जप्त कर लिया गया है तथा अवैध भंडारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2006 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम मोहासा एवं मकोडिया क्षेत्र में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शनि शिवालय और नवग्रह मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

## तिल के तेल से किया अभिषेक,आरती और हवन हुए





नर्मदापुरम( निप्र)। ज्येष्ठ माह की वट सावित्री अमावस्या के पावन अवसर पर नर्मदा तट के सेठानी घाट और विवेकानंद घाट स्थित प्राचीन शनि शिवालय और नवग्रह मंदिर में शनिदेव का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उमंग के साथ पूजन अर्चन अभिषेक और आरती व हवन किए। विशेष पूजन पाठ के रूप में तिल के तेल से अभिषेक किए जाने के बाद दोपहर 12 बजे जन्म आरती की गई। शनि मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस पुण्य पर्व पर शिव जी की पूजन के साथ ही वट वृक्ष की भी पूजन की गई।

### हुआ भंडारे का आयोजन

दोनों ही शनि मंदिरों में मंदिर परिसर के पास ही भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे का क्रम दोपहर से लेकर शाम तक जारी रहा।

### भोलेनाथ की पूजन अर्चन भी की गई

मंदिर में विराजमान शिवलिंग व नंदी देव की पूजन अर्चन का क्रम भी जारी रहा। यहां हनुमान मंदिर भी है। हनुमान जी की पूजन भी गई। इसके साथ मंदिर व घाट पर वट व्रक्ष भी होने से ज्यादातर श्रद्धालुओं का आगमन शनि शिवालय और विवेकानंद घाट पर होता रहा। शनिदेव के मंदिर में हर शनिवार को भी भीड़ लगी रहती है। शनि जयंती और शनिवार होने से शनि जातकों के साथ सभी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही।

### अन्य शनि मंदिरो में भी हुए पूजन अर्चन

सेठानी घाट के पास के शनि शिवालय के अलावा विवेकानंद घाट ग्वालटोली के शनि मंदिर में भी जोशी परिवार के द्वारा पूजन अर्चन कराई गई। तीनों स्थानों पर शनि के प्रभाव वाले जातकों के द्वारा तेल से अभिषेक किया जा रहा था।

### सुहागनों ने वट वृक्ष की पूजन अर्चन की

वट सावित्री अमावस्या के अवसर पर शहर के तमाम वट वृक्ष के नीचे महिलाओं का समूह पूजन अर्चन कर रहा था। महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजन अर्चन करने के साथ ही कच्चे सूत को लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा लगाई इस मौके पर कई सुहागन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा।

## लायंस क्लब की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चयन

नर्मदापुरम (निप्र)। लायंस क्लब मुख्य की बैठक में सर्वसम्मति से समस्त सदस्यों द्वारा लायन हरि सिंह चौहान को 2026.27 का अध्यक्ष घोषित किया गया। जिसमें क्लब के समस्त सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में नवगठित टीम को सभी सदस्यों द्वारा पुष्पमालाओं से सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में क्लब ऐडमिनीस्ट्रेटर लायन डीएस डांगी लायन केएस राजपूत, लायन सुभाष बरेले, लायन अमोल जैन, लायन रत्नेश दीवान, लायन मुन्नालाल जैन, लायन पवन शुक्ला, लायन डॉ जेपी मालवीयए लायन चंद्रशेखर शर्मा, लायन रामकुमार चौधरी, लायन योगाचार्य राकेश चौहान लायन बावरिया लायन मोहित चोकसे लायन कामेश जायसवाल एवं लायन रामकुमार गुबरैले सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न समितियों के पदभार भी सदस्यों को सौंपे गए !जिसमें प्रथम उपाध्यक्ष ला पवन शुक्ला द्वितीया उपाध्यक्ष लायन रत्नेश दीवान सचिव लायन पवन शुक्ला सह सचिव लायन चंद्रशेखर शर्मा एकोषाध्यक्ष लायन रामकुमार चौधरी शाह कोषाध्यक्ष तथा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर योग लायन योगाचार्य राकेश चौहान टेमर लायन ओपी  बावरिया टेल ट्विस्टर शिवमंगल सिंह चौहान को दायित्व दिए गए।

## विवेकानंद युवा मंडल ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



नर्मदापुरम (निप्र)। हैप्पी मैरिज गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया विवेकानंद युवा मंडल नर्मदापुरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नर्मदापुरम के लगभग 75 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें अपने.अपने विद्यालय में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य पं सोमेश परसाई रहे। अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर एवं विशिष्ट अतिथि डीपीसी राजेश जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी  लक्ष्मी नारायण प्रजापति एनजीटी के स्टैंडिंग काउंसलर प्रशांत हर्णे उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण भाजपा नेता पूर्व जिला महामंत्री एवं विवेकानंद युवा मंडल के अध्यक्ष प्रसन्न हर्णे ने  दिया इस अवसर पर पंडित सोमेश परसाई ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ अध्यात्म से भी जुड़े रहना चाहिए यह उनके चरित्र निर्माण में सहायक होता है डीपीसी राजेश जायसवाल ने कहा विद्यार्थियों को सफलता के साथ.साथ अच्छे इंसान भी बनना चाहिए। एडवोकेट प्रशांत हर्णे ने अपने पेशे से जुड़ी बारीकियां बच्चों को समझाइं तथा उन्हें ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया डॉ  बबीता राठौर ने कहा सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है जिला शिक्षा अधिकारी प्रजापति ने बच्चों को सफलता एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी संचालन विवेकानंद युवा मंडल के देवी सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर केतार सिंह विक्रम रघुवंशी तथा विवेकानंद युवा मंडल के सदस्य गंभीर सिंह राजपूत सूरत सिंह राजपूत एचंद्रभान चरण सिंह चमन पूरी सुखदयाल बाबरिया मोहन लाल गौर भगवत मालवीय संतोष यादव महेश बावरिया विष्णु मालवीय नवनीत यादव नेमीचंद विश्वकर्मा विक्की सोनवणे अमन चुटीले उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के शुरुवात में देश भक्ति गीतों का गायन अनूप रीछारिया ने किया। सरस्वती वंदना का गायन राम परसाई एवं विशाल सगर ने प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रकाश चौरे ने किया ।

# जिला आपूर्ति अधिकारी ने किया गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

## अमानक स्कंद पाए जाने पर केंद्र प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश



नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक 44 हजार 391 किसानों से कुल 4 लाख 05 हजार 025 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जिला उपार्जन समिति द्वारा लगातार निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सुरेश संखेरे तथा जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन वासुदेव दावंडे द्वारा सेवा सहकारी समिति तरौनकल द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र एमजी वेयरहाउस बम्होरी कला का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र पर छह कांटों एवं दो हम्माल टोली के माध्यम से खरीदी कार्य संचालित किया जा रहा है। गोदाम के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को समिति एवं सर्वेयर द्वारा टोकन जारी कर व्यवस्थित लाइनअप किया गया था। निरीक्षण के दौरान केंद्र परिसर में उपस्थित एक कृषक की 265 बोरियों में निर्धारित सीमा से अधिक फॉरेन मैटेरियल एवं मिट्टी पाए जाने पर सर्वेयर के माध्यम से संबंधित स्कंद को रिजेक्ट कराया गया।

अधिकारियों द्वारा सर्वेयर एवं उपार्जन केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में नॉन-FAQ स्कंद की खरीदी न की जाए। अधिकारियों द्वारा गोदाम के अंदर स्टैक में रखे गेहूं के रेंडम सैंपल लेकर गुणवत्ता की जांच भी की गई। वहीं समिति के केंद्र क्रमांक-2, कमला वेयरहाउस में कृषक द्वारा लाए गए गेहूं के अमानक पाए जाने पर स्कंद में पंखा एवं छन्ना लगाए जाने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त जिला उपार्जन समिति द्वारा कृषि उपज मंडी स्थित देवगांव पिपरिया का भी निरीक्षण किया गया।

यहां बोरियों में अमानक गेहूं पाए जाने पर खरीदी केंद्र प्रभारी को प्रत्येक ढेर की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करते हुए केवल स्वक्त मापदंड अनुसार गेहूं खरीदी एवं एफसीआई को परिवहन किए जाने के निर्देश दिए गए।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 में खिलाड़ियों को योग, प्राणायाम एवं व्यक्तित्व विकास की दी गई जानकारी

नर्मदापुरम( निप्र)। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर "आरोह 2026" के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम द्वारा



विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हॉकी टर्फ मैदान नर्मदापुरम में आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम के तहत हॉकी एवं कराते के खिलाड़ियों को योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में खेल समन्वयक महेंद्र पचलानिया ने बताया कि खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ योग, प्राणायाम, व्यक्तित्व विकास, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर आरती शर्मा एवं रोशनी सोनकर द्वारा खिलाड़ियों को योग एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। वहीं खेलो इंडिया हॉकी कोच पवन कुमार ने नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला तथा हॉकी फीडर सेंटर कोच जयसिंह भदौरिया ने स्वच्छता संबंधी जानकारी दी।

# हमारा विचार ही हमारे संगठन की धूरी है : डीडी उईके

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

नर्मदापुरम (निप्र)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी योजनाएं आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं। ऐसे में संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु बनकर कार्य कर रहा है। हमारा विचार ही हमारे संगठन की धूरी है उक्त बात शनिवार को निजी गार्डन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 के जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में केन्द्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके ने प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में केन्द्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाएं विषय पर कही। सत्र की अध्यक्षता विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने की। वर्ग प्रारंभ के पूर्व उपस्थित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण झंडा वंदन दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातर के सामूहिक गान के साथ हुआ इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने वर्ग की प्रस्तावना देते हुए कहा प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं राष्ट्रहित के विषयों से अवगत कराना होता है साथ ही कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता संगठनात्मक कौशल और जनसेवा की भावना को मजबूत करना है। इस दौरान भाजपा की गाथा को दिखाते हुए प्रदर्शनी दिखाई गई है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्षों की जानकारी के साथ मप्र प्रदेश अध्यक्षों की जानकारी को दिखाया गया है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाया गया है वहीं जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों को भी प्रदर्शनी में प्रमुखता से स्थान दिया गया है।द्वितीय सत्र भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने की। वहीं तृतीय सत्र सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर पूर्व सांसद भोपाल आलोक संजर ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने की।




चौथे सत्र में देश के समक्ष चुनौतियाँ विषय पर प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने की। वहीं पांचवें सत्र में भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी ने कार्यकर्ता संभाल विषय पर संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल ने की।वहीं छठवें सत्र में जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने विचार परिवार विषय पर संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता मीसाबंदी शंभू सोनकिया ने की। सातवें सत्र में प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने मीडिया की बारीकियाँ बताईं। सत्र की अध्यक्षता सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने की। वहीं प्रथम दिवस के अंतिम आठवें व्यवहारिक सत्र को मुदित शेजवार ने संबोधित किया।इस दौरान बंगाल चुनाव के दौरान की प्रसिद्ध झालमुरी का प्रशिक्षणार्थियों ने स्वाद लिया एवं रात्रि में सांस्कृतिक आयोजन हुए। इस दौरान जिले के प्रमुख नेता गण शामिल रहे।

## मानसून पूर्व कार्यों में तेजी लाने एवं राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश

नर्मदापुरम(निप्र)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता आंदन सिंह ने संयुक्त संचालक नर्मदापुरम सुरेश बेलिया के साथ नर्मदापुरम स्थित संयुक्त संचालक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया।



बैठक में उप परियोजना संचालक प्रशासन राजीव रंजन पाण्डेय, परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राहुल समाधिया सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, आमला, बैतूल बाजार, सोहागपुर एवं बनखेड़ी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अभियंता एवं संविदाकारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख अभियंता आंदन सिंह द्वारा बुधनी की एकीकृत विकास परियोजना एवं नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित संविदाकारों को मानसून पूर्व विभिन्न निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जलकर राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा राशि को एस्क्रो खाते में नियमित रूप से जमा कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में परियोजनाओं के संचालन एवं संधारण को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

**पश्चिम मध्य रेल**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना कमांक :** जबल-एन-सिग, -टेण्डर-2026-18, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के ईटी एमकेपी सेक्शन में 20 आईबीएस पर द्वि. इलेक्ट्रॉनिक्स यूएफएसबीआई प्रणाली की व्यवस्था सहित, वर्तमान स्थापित यूएफएसबीआई प्रणाली में संशोधन से संबंधित एस एंड टी कार्य (सिग्नलिंग कार्य)।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में) :** रु 38927494.61, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये) :** रु00/-, **कार्यालय का पत्ता :** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** रु 778600/-, **समापन अवधि (माह) :** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 08.06.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है।

(हस्ता)

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com